इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"॥

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -110 राजनांदगांव, मंगलवार 05 मार्च 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए




# कैसे हुई भाजपा से इतनी बड़ी चूक ? विपक्ष बोला- पवन सिंह और उपेंद्र रावत को कैसे मिला टिकट ?

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आसनसोल से भोजपुरी गायक पवन सिंह को टिकट दिया। लेकिन पवन सिंह के बंगाल की महिलाओं पर बनाए गए गाने भारी पड़े। नतीजतन टिकट वापस करना पड़ा। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी के सांसद उपेंद्र रावत को पार्टी ने दोबारा टिकट दिया। टिकट देने के बाद उनका एक अश्लील वीडियो तेजी से वायरल हुआ। सोमवार दोपहर बाद उन्होंने भी टिकट वापिस करने का ऐलान कर दिया।

इन दो मामलों के बाद सियासी गलियारों में चर्चा इस बात की हो रही है कि आखिर भारतीय जनता पार्टी की ओर से टिकट देने में यह चूक कैसे हो गई। वह भी तब जब भाजपा हर स्तर पर टिकट देने से पहले हर तरह की जांच पड़ताल करती है। फिलहाल इन दो मामलों के बाद विपक्ष भारतीय जनता पार्टी पर हमलावर हो गया है। कहा यह जा रहा है कि न तो पवन सिंह के गाने टिकट मिलने के बाद रिलीज हुए और न ही सांसद उपेंद्र रावत का वीडियो शनिवार के बाद बाजार में आया।



भारतीय जनता पार्टी के बाराबंकी से सांसद उपेंद्र रावत को शनिवार को फिर से टिकट दिया गया। उत्तर प्रदेश के सियासी गलियारों में कहा यही जा रहा है कि टिकट मिलने के बाद उपेंद्र रावत का एक अश्लील वीडियो तेजी से वायरल हुआ। हालांकि इस वायरल वीडियो के बाद उपेंद्र रावत ने पुलिस में फेक वीडियो की एफआईआर दर्ज कराई। लेकिन मामला इतना तूल पकड़ गया कि सोमवार दोपहर आते आते उपेंद्र रावत को बाराबंकी सीट पर मिला हुआ टिकट छोड़ना पड़ा। कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी दस साल में अपने सांसद का चरित्र नहीं पता कर सकी। अब जब मामला सामने आ गया, तो उपेंद्र रावत को बाराबंकी सीट छोड़नी पड़ी।

राजपूत आरोप लगाते हैं कि जिस वीडियो के आधार पर रावत को सीट छोड़नी पड़ी, वह वीडियो पहले से ही बाजार में घूम रहा था। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी ने टिकट कैसे दिया यह अब सबको मालूम चल गया है। सुरेंद्र राजपूत कहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी कहती कुछ है और करती कुछ है। इसी तरह भारतीय जनता पार्टी की ओर से टिकट वितरित किए जाने के दो दिन के भीतर दो ऐसे मामले सामने आए, जिससे टिकट वितरण व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने लगे। पहला मामला पवन सिंह का सामने आया। पवन सिंह के चुनाव न लड़ने के बाद कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों ले लिया। कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि जिन पवन सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने टिकट देकर सियासी मैदान में उतारा, उनके महिलाओं को लेकर गाने बहुचर्चित हैं। वह कहते हैं कि संदेशखाली में महिलाओं की अस्मिता को लेकर भाजपा मुद्दा बना रही है। लेकिन महिलाओं के ऊपर खासतौर से बंगाल की महिलाओं पर बनाए गए गाने भाजपा को नहीं दिखे। इसी तरह तृणमूल कांग्रेस ने भी भाजपा पर हमला बोला है। *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*

# पूंजीपति, भ्रष्टाचारी हैं मोदी के 'परिवार के सदस्य'-वेणुगोपाल



नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपने अभिवादन में जन समूह को 'मेरे परिवार के सदस्यों' कह कर संबोधित करने पर तंज करते हुए कहा है कि समाज के पीड़ित लोग नहीं बल्कि जिन्हें खुद वह भ्रष्टाचारी और पूंजीपति बताते हैं, वे ही उनके परिवार के सदस्य हैं। श्री वेणुगोपाल ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि मणिपुर में महिलाएं पीड़ित हैं, दिल्ली की सीमाओं पर किसान आंदोलन कर रहे हैं, बेरोजगारी चरम पर है और युवा आए दिन आत्महत्या कर रहे हैं, उन सबकी बजाय श्री मोदी के परिवार के सदस्य वे हैं, जिन्हें उनकी सरकार भ्रष्टाचारी करार देती है। उन्होंने कहा ÷क्या मणिपुर की महिलाओं को मोदी के परिवार में जगह मिलेगी। क्या प्रधानमंत्री दिल्ली की सीमाओं पर प्रदर्शन कर रहे किसानों को अपना परिवार कहेंगे। रोज़ आत्महत्या करने को मजबूर बेरोजगार युवाओं के बारे में क्या, प्रधानमंत्री उन्हें अपना परिवार क्यों नहीं कहते। कांग्रेस नेता ने कहा, हकीकत यह है कि सरकार केवल प्रधानमंत्री के करीबियों के लिए काम करती है,जघन्य अपराधों के आरोपियों को बचाती है और ऐसे नेताओं को शामिल करती है जिन्हें वे खुद भ्रष्ट करार देते हैं। वो है मोदी का असली परिवार।

# लोकसभा चुनाव में फैलाई अफवाह तो जेल, सोशल मीडिया पर फेक न्यूज वायरल करने वालों के लिए चुनाव आयोग की एडवाइजरी



नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर बात की। उन्होंने बताया कि इन तैयारियों का उद्देश्य चुनाव को पारदर्शी बनाना है। राजीव कुमार ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने और पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए सभी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, अपनी बात को सोशल मीडिया पर कहने के लिए स्वतंत्रता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अफवाह या झूठ फैलाने की भी स्वतंत्रता है। हमारे देखने में अगर आता है कि सोशल मीडिया के जरिए चुनावों से संबंधित सोशल मीडिया पर अफवाह या झूठ फैलाया जा रहा है, तो आईटी एक्ट और आईपीसी एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि डीएम और एसपी को सख्त *(शेष पृष्ठ 6 पर...)*























# महापौर ने किया मोहारा जल संयंत्र गृह का आकस्मिक निरीक्षण

## ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल हेतु आवश्यक व्यवस्था के दिये निर्देश



राजनांदगांव (दावा)। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख आज मोहारा जल संयंत्र गृह का आकास्मिक दौरा किया और दो दिनों तक कम पानी आने के कारण की जानकारी लेकर एवं पी.पी.एम., सी.एफ.एल., फिल्टर बेड व पंप हाउस का निरीक्षण कर क्लोरिंन की मात्रा,एलम की उपलब्धता आदि की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

महापौर श्रीमती देशमुख जल विभाग के प्रभारी सदस्य श्री सतीश मसीह, पूर्व पार्षद अवधेश प्रजापति पार्षद प्रतिनिधि आसिफ अली के साथ मोहारा जल संयंत्र गृह का निरीक्षण कर दो दिनों तक कम पानी आने के कारण की जानकारी लेकर कहा कि विद्युत खराबी के कारण पेयजल प्रभावित हुयी है, लेकिन अन्य किसी प्रकार की खराबी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जावे, इसके लिये सभी मशीनरी दुरूस्त किया जावे। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से पंप हाउस, क्लोरिंन एवं एलम की उपलब्धता की जानकारी ली तथा जल संयंत्र गृह मोहारा के रॉ-वाटर एवं क्लीयर वाटर क्लोरिन गैस की जानकारी लेकर क्लोरिन की मात्रा सुनिश्चित करने, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने जल संयंत्र गृह के अधिकारी/कर्मचारी को निर्देश दिये।

महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने अमृत मिशन के अधिकारियों से भी कहा कि प्लांट में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखे और आपके लोग प्लांट की सत्त मानिटरिंग करे। निरीक्षण उपरांत रॉ-वाटर एवं क्लीयर वाटर का सतत् परीक्षण करने एवं आगामी ग्रीष्मकाल में शहर में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति निर्धारित समय पर आम नागरिकों को उपलब्ध कराने हेतु भी निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में सतत पेयजल आपूर्ति में कोई परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये और इसके लिये आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर, अमृत मिशन के श्री राजेश पवार एवं शिफ्ट के कर्मचारी उपस्थित थे।

# पांच कुंडीय शिव गायत्री महायज्ञ ठेठवार पारा में 6 मार्च से



डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ के ठेठवार पारा में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पांच कुंडीय शिव गायत्री महायज्ञ का आयोजन 6, 7 व 8 मार्च को किया जाएगा। महाकाल सेवा समिति गायत्री परिवार ठेठवार पारा के नेतृत्व में प्रेरणा स्त्रोत पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य गुरु माता भगवती देवी शर्मा की सुक्ष्म उपस्थिति में विश्व कल्याण की शुभ भावना से पांच कुंडली गायत्री महायज्ञ एवं दीप दान का कार्यक्रम किया जा रहा है। 6 मार्च दिन बुधवार को दोपहर 3 बजे नगर भ्रमण कलश यात्रा 7 मार्च दिन गुरुवार को प्रातः 8 बजे पांच कुडिय गायत्री यज्ञ संध्या 6 बजे दीप यज्ञ व 8 मार्च दिन शुक्रवार को प्रातः शिव अभिषेक संध्या आरती व महाप्रसादी का आयोजन रखा गया है। आसपास के श्रद्धालुओं से समिति के सदस्यों ने दीपदान हेतु पांच दीपक कुमकुम अगरबत्ती थाल लेकर आने की अपील की गई है।

# नगर निगम जनदर्शन में 9 आवेदन प्राप्त



राजनांदगांव (दावा)। नागरिकों की समस्या के त्वरित निराकरण के लिये जिलाधीश संजय अग्रवाल के निर्देश पर सभी विभागों में प्रत्येक सोमवार को प्रात 11:00 बजे से 1:00 बजे तक जनदर्शन का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इस सोमवार प्रातः 10:30 बजे नगर निगम सभागृह में आयोजित जनदर्शन में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर विभागीय प्रमुख नागरिकों की समस्या से अवगत हुये। आज के जनदर्शन 09 आवेदन प्राप्त हुये।

नागरिकों की समस्या से रूबरू होने, उसका निराकरण करने एवं नागरिकों को शासन की योजना का लाभ देने जिलाधीश श्री अग्रवाल के आदेशानुसार एवं आयुक्त श्री गुप्ता के निर्देश पर इस सोमवार नगर निगम के सभागृह में प्रातः 10.:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक जनदर्शन लगाया गया। जनदर्शन में 09 आवेदन प्राप्त हुये जिनमें राशन कार्ड के 1, स्थापना संबंधी 1, पेयजल संबंधी 1, भवन नजूल के 1, अतिक्रमण के 2 एवं लोककर्म के 3 इस प्रकार कुल 09 आवेदन प्राप्त हुये, प्राप्त आवेदनों का अतिशीघ्र निराकरण किया जावेगा।

जनदर्शन का प्रमुख उद्देश्य नागरिकों की समस्या का त्वरित निराकरण करना है। जनदर्शन में आये आवेदनों का उचित समाधान किया जायेगा ताकि उनके समस्या का निराकरण होने के साथ-साथ उन्हें शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जनदर्शन में सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, सहायक लेखा अधिकारी राकेश नंदे, लेखापाल पंकज साहू, प्र.कार्यालय अधीक्षक अशोक चौबे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### नवीन अग्रवाल ने कांट्रेक्टर संघ के अध्यक्ष वीरेश शुक्ला को भेजा कानूनी नोटिस

**कहा - दो दिन माफी मांगे नहीं तो करूंगा मानहानि का दावा**

राजनांदगांव (दावा)। जनता कांग्रेस के प्रदेश महासचिव नवीन अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति कर कहा कि कुछ समाचार पत्रों में प्रदेश कांट्रेक्टर संघ के अध्यक्ष वीरेश शुक्ला द्वारा मेरे ऊपर ब्लैकमेलिंग के बेबुनियाद और मनगढ़ंत, आधारहीन आरोप लगाए हैं। जिसका मै खंडन करता हूं और वीरेश शुक्ला दो दिनों में वायक्तिगत और समाचार पत्रों के माध्यम से माफी मांगने नोटिस भेजा है और थाने में शिकायत की है यदि वीरेश शुक्ला दो दिनों में माफी नहीं मांगी तो एक करोड़ रूपये की मानहानि का दावा करूंगा। नवीन ने कहा कि वे जनहित की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

### बेटे आरव के जन्मदिवस के शुभ अवसर पर मिडिल स्कूल चिखली में करवाया गया न्योता भोज

राजनांदगांव (दावा)। न्योता भोज समाज और स्कूलों के मध्य आपसी सम्बन्धों मे मधुरता लाने कि कड़ी है, इसी कड़ी मे मुचेदण्ड निवासी खेमप्रसाद ठाकुर, व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल दौउटोला में पदस्थ है, जिनके सुपुत्र आरव ठाकुर जी का जन्म दिवस दिनांक 27-02-2024 को था, खेम प्रसाद ठाकुर द्वारा अपने सुपुत्र आरव के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिखली में न्योता भोज के अवसर पर केला, अंगूर, मुर्रा लड्डू, चॉकलेट, खिलाया गया।

शाला परिवार के द्वारा बेटे आरव को जन्मदिवस के लिए ताली बजाकर शुभ आशीष प्रदान किया गया तथा ठाकुर परिवार को इस पुण्य कार्य हेतु धन्यवाद प्रेषित किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं प्रधान पार्टी का श्रीमती प्रतिभा भारद्वाज, श्रीमती सुशीला ठाकुर, श्रीमती रागिनी श्रीवास्तव, श्रीमती आभारानी श्रीवास्तव, श्रीमती करुणा साकरे, चंद्रावली साहू, इंद्रकुमार सिन्हा और कम्प्यूटर शिक्षिका धनेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

### कोतमा बाई भोयर का निधन



राजनांदगांव (दावा)। तुलसीपुर निवासी श्रीमती कोतमा बाई भोयर जी का निधन 84 वर्ष की उम्र में आज 4 मार्च 2024 शाम 6.30 बजे हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कल 5 मार्च 2024 को निज निवास स्थान तुलसीपुर से सुबह 10 बजे किया जाएगा।


**dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में**

रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

पारिवारिक संगीत प्रधान फिल्म

राजेश मारू प्राडक्शन कृत

**मांग सजा दे सजना**

(छत्तीसगढ़ी भाषा में)

कलाकार - जीत शर्मा, चेतन शर्मा, श्रेया पारकर, सृष्टि देवांगन, चन्द्रहास बघेल, नवीन देशमुख आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

**silver SCREEN — SILVER SCREEN Multiplex**

4th March to 7th March 2024




Rakshanam (Hindi) - 12:00 and 03:00 pm

Dune Part Two (Hindi) - 06:30 and 09:30 pm

Article 370 -12:30, 03:30, 06:00 and 09:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200


# अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार एवं अन्य सामग्री का मानक दर निर्धारित



राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार एवं अन्य सामग्री के मानक दर निर्धारण के संबंध में राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्वाचन लडने़ वाले अभ्यर्थियों के द्वारा दिन प्रतिदिन विभिन्न मदों में प्रचार-प्रसार एवं अन्य आवश्यक सामग्री पर व्यय के लिए दर निर्धारित की गई। दैनिक व्यय लेखा पुस्तिका में प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग में लाये आवश्यक सामग्री का व्यय अंकित किया जाएगा।

स्थानीय तौर पर प्रचलित बाजार दर के आधार पर चुनावी सामग्री के दर निर्धारित किये जाने के लिए राजनीतिक दलों के पदाधिकारी द्वारा सहमति प्रदान की गई है। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी दिलीप कुमार सिंह, इंजीनियर पीडब्ल्यूडी राजेश साहू, रघुवीर वाधवा, रूपेश दुबे, जसराज राठौर, सुधांशु जोशी, कामता सिंह, सर्वजीत सिंह भाटिया उपस्थित थे।

# धार्मिक आयोजनों से आने वाली पीढ़ी भी संस्कारवान होगी: कुलबीर

**सामाजिक भवन व माता बहादुर कलारीन जयंती महोत्सव में शामिल हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष**



राजनांदगांव (दावा)। छग डडसेना (सिन्हा) कलार समाज ग्रामीण मंडल ग्राम भंवरमरा द्वारा 03 मार्च रविवार को सिन्हा समाज के भवन लोकार्पण एवं माता बहादुर कलारीन की जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हुए।

जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष मानसिंह सिन्हा ने बताया कि डडेसना (सिन्हा) कलार समाज ग्रामीण मंडल द्वारा ग्राम भंवरमरा में सिन्हा समाज के सामाजिक भवन व माता बहादुर कलारीन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में मंचस्थ अतिथि के रूप में शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जिला किसान महामंत्री योगेन्द्र दास वैष्णव शामिल हुए। आयोजन से पूर्व सुबह ग्राम में भगवान शहस्त्रबाहु जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो ग्राम का भ्रमण करते हुए वापस आयोजन स्थल पर पहुंची। यहां पर माता बहादुर कलारीन की आरती उतारी गई तत्पश्चात अतिथियों द्वारा सामाजिक भवन का लोकार्पण किया गया।

समारोह में पहुंचे शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने सिन्हा समाज को माता बहादुर कलारीन की जयंती व समाजिक भवन की बधाई देते हुए कहा कि सिन्हा समाज एक व्यवस्था पर निरंतर आगे बढ़ने वाला समाज है। सामाजिक भवन बनने से समाज को एक स्थल मिल जाता है जहां से सामाजिक गतिविधियां संचालित करने में आसानी होती है। इसी तरह समाज के गरीब एवं मध्यम वर्ग परिवार जिन्हें शादी या अन्य आयोजनों के लिए किराए के भवन लेना पड़ता है जिसके कारण उनका आर्थिक बोझ बढ़ जाता है उन सभी से राहत मिल जाती है। वहीं सामाजिकजनों से मदद भी मिल जाती है। मैं इस आयोजन के माध्यम से समाजिकजनों से आग्रह करता हूं कि अपने बच्चों के साथ-साथ गरीब, मजदूर, किसान के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा के लिए प्रेरित करें एवं साथ-साथ प्रतिभावान बच्चों को आगे बढ़ने में खुलकर सहयोग प्रदान करें।

श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से हमारे आने वाली पीढ़ी भी आधुनिकता के दौर में संस्कारवान हो ऐसी भावनाओं के साथ ऐसे आयोजन हो यही मेरी कामना है। समारोह में प्रमुख रूप से विजय शंकर सिन्हा, अनिल सिन्हा, नीलकंठ सिन्हा, बृजलाल सिन्हा, लेखराम सिन्हा, महिला प्रमुख ज्योति सिन्हा, राजकुमारी सिन्हा, दिनेश सिन्हा, मुकेश सिन्हा, दुकालूराम, भागवत, जागेश्वर, खोमलाल, होमदीप, कौशल, सोहन, रामदास, युवराज, चंद्रकुमार सहित बड़ी संख्या में स्वजाति बंधु उपस्थित रहे।

# कांग्रेस से भूपेश बघेल लड़े या कोई और, भाजपा की जीत सुनिश्चित है - जैनम बैद



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए राजनांदगांव लोकसभा से संतोष पांडेय को टिकट देने की दक्षिण मंडल व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक जैनम बैद ने सराहना की है।

जारी प्रेस नोट में जैनम बैद ने कहा कि कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का नाम सामने आ रहा है लेकिन भाजपा के खिलाफ चाहे भूपेश बघेल चुनाव लड़ें चाहे कोई और हर हाल में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। जैनम बैद ने कहा कि मोदी की गारंटी और सांसद संतोष पांडेय जी द्वारा किये गए विकास पर जनता मुहर लगाएगी और एक बार फिर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा का परचम लहराएगा। जैनम बैद ने कहा कि पिछले पांच वर्षो में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 242 करोड़ के 38 सड़कों की स्वीकृति मिली है। प्रसाद योजना के तहत् पूरे देश मे चिंन्हित 51 स्थानो में से छ.ग. से एक मात्र मां बम्लेश्वरी मंदिर का चयन किया गया है। जिसके लिए 43 करोड़ की राशि जारी कर दी गई है। केन्द्र द्वारा राजनांदगांव जिले को आकांक्षी जिला में शामिल कर दूरस्थ व वनांचल के लगभग 400 ग्रामों में जिले के 1500 स्थानों पर सोलर लाइट हेतु 3.50 करोड़ की स्वीकृति मिली है। जिला मुख्यालय के स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही साथ विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्र में भी आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए हैं। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) के राजनांदगांव सेंटर को अपग्रेड करने हेतु भारतीय खेल प्राधिकरण व खेल मंत्री जी द्वारा 63 लाख रु. की स्वीकृति प्राप्त की गई है।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में साई के पृथक से बालक-बालिकाओं के 100 बेड हास्टल, खेलो इंडिया की बास्केटबाल अकादमी स्वीकृत हो गई है। इसके अलावा ऐसे सैकड़ों विकास कार्य हैं जो आम जनता के सामने है और उनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। जैनम बैद ने कहा कि इस बार भी राजनांदगांव लोकसभा की जीत के साथ ही भाजपा पूरी की पूरी सीट जीत कर केंद्र में भाजपा सरकार स्थापित करने में अपना अहम् योगदान देगी।

# पेंशनर्स ने अपनी मांगों के संबंध में सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन




**कलेक्ट्रेट के सामने किया धरना-प्रदर्शन, बुजुर्ग पेंशनरों के साथ न्याय की मांग**

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के तत्वावधान में सोमवार 4 मार्च को छ.ग. राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा कलेक्ट्रेट समक्ष धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। पेंसनरों ने अपने ज्ञापन में दो सूत्रीय मांग को पूरा करने के लिए निवेदन किया गया है। धरना-प्रदर्शन के दौरान पेंशनरों ने सरकार से बुजुर्ग पेंशनरों के साथ न्याय किए जाने के नारे बुलंद किए गए।

पेंशनर संघ के जिला अध्यक्ष आईसी श्रीवास्तव ने बताया कि छ.ग. सरकार से उनकी दो सूत्रीय मांगे में केन्द्रय सरकार द्वारा जुलाई 2023 से घोषित 4 प्रतिशत महंगाई राहत की किस्त एरियर्स सहित भुगतान हेतु तत्काल आदेश जारी किए जाने व म.प्र. राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) को विलोपित कर 23 वर्षों से महंगाई राहत अथवा अन्य स्वत्वों के भुगतान हेतु दोनों राज्यों के बीच बजट आबंटन के लिए सहमति की बाध्यता को समाप्त कर म.प्र.-छ.ग. दोनों राज्यों के पेंशनर और परिवार महासंघ जिला शाखा के भुवाल ठाकुर बी.आर. सोनी, अनिल तिवारी, एच.एल. साहू आदि बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202402092100017**

विषयः-अ-6 अ मामले की श्रेणीः-राजस्व

सनः-2023-2024 राका (प.ह.नं.00029),

पक्षकारों का विवरण -

आवेदक पक्षकार-रामनारायण सिन्हा,

अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामनारायण सिन्हा आ. गनेशुलाल सिन्हा, जाति कलार, निवासी ग्राम राका, पोस्ट मुरमुन्दा, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें लेख किया है कि आवेदक के भूमि स्वामित्व हक की भूमि ग्राम राका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. चौथना तहसील डोंगरगढ़ में स्थित खसरा नंबर 107/4, रकबा 0.22 एकड़0.080 हे. भूमि स्थित है। जिसका बी-1, खसरा में. नाम दर्ज है तथा ऋण पुस्तिका में भी नाम दर्ज है तथा नक्शा त्रुटिवश दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि का नक्शा में दर्ज करवाकर नक्शा कटवाना चाहता है। नक्शा काटे जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ तलवाना, बी-1, पी.2 एवं ऋणपुस्तिका की छायाप्रति पेश किया गया है। मों.8889427475 अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 11.03.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.2.2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार

तहसील-डोंगरगढ़



**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं परमा बाई साहू पति यादु राम साहू निवासी पांडेटोला पोस्ट भोलापुर जिला राजनांदगांव (छ.ग.) है, उक्त नाम से जीवन बीमा की पॉलिसी क्रमांक 383336914 है। यह कि परमा बाई व दुलारीबाई दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है।

यहा शपथ करती हूँ कि मेरा आधार व बैंक पासबुक में मेरा नाम परिवर्तित कर नया नाम दुलारी बाई पति यादु राम साहू निवासी पांडेटोला पोस्ट भोलापुर जिला राजनांदगांव (छ.ग.) के नाम से दर्ज है।

**दुलारी बाई**

निवासी पांडेटोला पोस्ट भोलापुर जिला राजनांदगांव (छ.ग.)



**कार्यालय-रिटर्निंग अधिकारी शासकीय मुद्रणालय कर्मचारी बहु. एवं साख सह. समिति मर्या. राजनांदगांव पंजीयन क्रमांक 03, जिला-राजनांदगांव**

**सूचना**

शासकीय मुद्रणालय कर्मचारी बहुउद्देशीय एवं साख सहकारी समिति मर्या, राजनांदगांव पंजीयन कमांक-03 के रिटर्निंग अधिकारी श्री एस.एन. चकलादार के द्वारा समिति का निर्वाचन कार्यक्रम दिनांक **04.03.2024** को जारी किया गया है। जिसके अनुसार समिति में कुल 09 सदस्यों का निर्वाचन किया जावेगा, जिसमें 05 (पांच) सदस्य अनारक्षित वर्ग से (जिसमें से एक पद महिला वर्ग हेतु आरक्षित), 02 (दो) सदस्य अन्य पिछड़ा वर्ग से (जिसमें से एक पद महिला वर्ग हेतु आरक्षित) 01 (एक) पद अनुसूचित जनजाति वर्ग से एवं 01 (एक) पद अनुसूचित जाति वर्ग से होगा। नामांकन पत्र जमा करने का दिनांक **15.03.2024** को समय 12 से 3 बजे तक है। नामांकन पत्रों की जांच दिनांक **16.03.2024** को 12 बजे से किया जावेगा, नामांकन पत्र की वापसी, अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिन्हो का आबंटन दिनांक 17.03.2024 को समय 12 से 02 बजे तक एवं दिनांक **22.03.2024** को स्थान समिति कार्यालय (चिखली) राजनांदगांव में समय 12 से 03 बजे तक विशेष साधारण सम्मिलन में चुनाव (मतदान), तथा मतदान समाप्ति के एक घंटे बाद (यदि आवश्यक हुआ तो) मतगणना प्रारंभ की जायेगी। दिनांक **23.03.2024** को समय 12 से 02 बजे तक रिक्त स्थानों का सहयोजन (यदि आवश्यक हुआ तो) किया जावेगा।

दिनांक **26.03.2024** को समय 12 बजे से अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का चुनाव किया जावेगा। उक्त सभी कार्य समिति कार्यालय (चिखली) राजनांदगांव में संपादित किये जायेंगे।

(एस.एन.चकलादार)

रिटर्निंग अधिकारी

शासकीय मुद्रणालय कर्म. बहु. एवं साख सह समिति मर्या. राजनांदगांव पंजीयन क्रमांक-03


# गौरव पथ और वार्ड के मुख्य मार्ग का हो डामरीकरण-ऋषि शास्त्री

**जनचौपाल दौरान आवागमन समस्या के निराकरण के लिए आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा**



राजनाँदगाँव(दावा)। नगर निगम के राजीव नगर वार्ड क्रमांक 42 के पार्षद ऋषि शास्त्री ने जनचौपाल में आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंप कर शहर के गौरव पथ मार्ग एवं श्रमिक वार्ड के मुख्य मार्गो के डामरीकरण कराए जाने की माँग की है।

पार्षद ऋषि शास्त्री ने यह भी कहा है कि नगर निगम क्षेत्र में जिन मार्गो में डामरीकरण की अधिक जरूरत है उन्हें प्राथमिता देते हुए डामरीकरण कराया जाना चाहिए ऐसे कई मार्ग है जहां लगातार डामरीकरण का काम समय समय में होता आया है परन्तु लगातार शिकायत के बाद भी श्रमिक बस्ती के मुख्य मार्ग डामरीकरण कार्य से वंचित रह जाते है। पार्षद ने अधिकारियों की निष्पक्षता दर्ज कराने आयुक्त को नगरवासियों एवं वार्डवासियों की आवागमन की सुविधा को सुगम बनाने के लिए राजीव नगर के कई प्रमुख मार्ग को आवश्यकता अनुरूप डामरीकरण कराए जाने को लेकर ध्यानाकर्षण कराया है।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के

2-5-7

234-9 670-3

राजधानी

1-3-8

458-7 270-9

चेतावनीः-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक


**शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**

वनस्पति शास्त्र विभाग में एसईआरबी-एसयूआरई प्रोजेक्ट के अंतर्गत एक 'इलेक्ट्रोस्पिनिंग' एवं प्रोब अल्ट्रासोनिकेटर खरीदने के लिए समस्त पार्टियों से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। दाखिल करने की अंतिम तारीख 28 मार्च 2024 के 3 बजे तक है। आगे के विवरण के लिए कॉलेज की वेबसाइट www.gdcr.ac.in का अवलोकन करें।

प्राचार्य

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव (छ.ग.)

# 8 मार्च के बजाय 7 मार्च को मिलेगी महतारी वंदन योजना की प्रथम किश्त राशि

**o बैंकों में आधार लिंक के फार्म जमा कराने महिलाओं की उमड़ी भीड़**
**o आज 5 मार्च आधार लिंक कराने की अंतिम तिथि**

राजनांदगांव(दावा)। गत 20 फरवरी तक महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं युवतियों को दी जाने वाली प्रति माह एक हजार रूपए की राशि के आवेदन पत्र जिले भर में बड़ी मात्रा में जमा किए गए। आन लाइन आफ लाईन दोनों तरह से जिले की बड़ी संख्या में महिलाएं 21 वर्ष के उम्र की युवतियां जिसकी शादी हो गई है, विधवा, परित्यक्ता आदि महिलाओं से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से आवेदन फार्म जमा कराए गए। इनकी पात्र-अपात्र की छटनी के बाद सूची में नाम भी अंकित किए गए। बाद में पात्र हितग्राहियों को उनके बैंक खाता में आधार लिंक का होना अनिवार्य कर दिया गया। इससे हितग्राही महिलाए अपना काम-धंधा की नुकसानी कर बैंक की चक्कर लगाने बाध्य हुई। इसके बाद भी एक तय समय पर हितग्राहियों के बैंकों में आधार लिंक नहीं होने पर कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा रविवार शासकीय अवकाश के दिन भी बैंकों में विशेष काउंटर खोले जाने का निर्देश देकर बैंकों को खुला रखवाया गया। इसके चलते बैंकों में महतारी वंदन लाभ लेने वाली महिलाओं की आधार लिंक कराने भारी भीड़ रही। बता दे कि जिले में महतारी वंदन के तहत 2 लाख 58 हजार 937 महिलाओं ने पंजीयन कराया था। जिसमें दो लाख 58 हजार 573 का एप्रुवल हुआ है। 364 रिजेक्ट हुए। इधर बैंकों में आधार लिंक कराने हेतु 13 हजार 614 का लक्ष्य शेष था। इनके लिए ही बैंक खुलवाया गया है।

बताया जाता है कि जिन हितग्राही महिलाओं युवतियों का अपने बैंक में आधार लिंक हो चुका है, उसे बैंकों में फिर से लिंक हेतु आवेदन फार्म जमा करने की जरूरत नहीं है लेकिन शहर के एक बैंक द्वारा अपने बैंक का आवेदन फार्म भरकर जमा करने किसी हितग्राही को दिए जाने से सभी हितग्राहियों तक यह बात फैल गई कि सबको फिर से आधार लिंक वाले आवेदन फार्म बैंक में जमा करना अनिवार्य है। फिर क्या था उक्त फार्म का फोटो कापी कराने से लेकर आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड आदि का फोटो-कापी फार्म जमा कराने वालों की कतारे लग गई इससे बैंक कर्मी भी हलाकान रहे। चूंकि 5 मार्च आधार लिंक कराने की आखिरी तिथि है। इसलिए सभी हितग्राही महिलाएं अपना कामधाम छोड़ कर बैंकों की ओर दौड़ पड़ी। इससे शहर के बैंक में काफी भीड़-भाड़ देखने को मिली। बताया जाता है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं को पहले ही बता दिया गया था कि जिन हितग्राही का बैंक में आधार लिंक हो गया है। उन्हें बैंक में फिर से आधार लिंक कराने, फार्म भरने की जरूरत नहीं है, लेकिन उक्त संबंध में आंगनबाड़ी के लोग किसी भी महतारी वंदन के आवेदनकर्ताओं को सूचना नहीं दी गई। इसका परिणाम यह हुआ कि बैंकों में जिनका आधार लिंक है वे भी महतारी वंदन का पैसा नहीं मिलेगा सोच कर अपना काम धंधा छोड़कर आवेदन भरने बैंक की ओर दौड़ पड़े। इससे बैंकों में काफी भीड़ रही। शहर में सबसे ज्यादा भीड़ महाराष्ट्र बैंक में देखी गई।

### 7 मार्च को मिलेगी राशि

अब जानने में आ रहा है कि महतारी वंदन योजना की पहली किश्त 8 मार्च के बजाय अब 7 मार्च को दी जाएगी। इस योजना के कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम सभी विधानसभाओं में आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। अब 8 मार्च के बजाय 7 मार्च को पीएम मोदी के हाथों सभी पात्र महिलाओं को महतारी वंदन की पहली किश्त दिलाने की तैयारी चल रही है। बता दे कि सैकड़ों महिलाओं के बैंक खाता आधार लिंक नहीं होने की वजह से उनका बैंक एकाउंट एक्टिव नहीं है। ऐसे में वे बैंक और पोस्ट आफिस का चक्कर लगा रही है। अब आज आधार लिंक की आखरी तारीख है।

> आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बताया गया था कि जिसके बैंक खाते में आधार लिंक है, उन्हें आधार लिंक कराने की जरूरत नहीं है। केवल उन्हें ही सूचना दी जाए जिनका आधार लिंक नहीं है। लेकिन सभी का आधार लिंक कराने बैंकों की ओर जाना उचित नहीं है।
>
> **गुरूप्रीत कौर**
> **महिला बाल विकास अधिकारी राजनांदगांव**

## पढ़ाई में नहीं लग रहा था मन तो छात्रा ने की आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों परीक्षा का माहौल बना हुआ है। ऐसी ही परीक्षा की तैयारी में जुटी छात्रा का पढ़ाई में मन नहीं लगने के कारण अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उक्त घटना मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम ख्वासफडकी की बताई जाती है। शनिवार व रविवार दरमियानी रात की हुई उक्त घटना से परिवार वाले सन्न रह गए। छात्रा का नाम राजकुमारी कडियाम उम्र 14 वर्ष बताया जाता है। सुबह छात्रा के फांसी लगे हुए शव को देखकर परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस द्वारा परिजनों से पुछताछ किए जाने पर छात्रा के परीक्षा के दबाव में आकर आत्महत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। परिजनों के मुताबिक छात्रा का पढ़ाई में मन नहीं लग रहा था। फिलहाल पुलिस परिजनों की बात को ध्यान में रखते हुए अलग से भी कई एंगलों से इस घटना की जांच में जुटी हुई है।

## कोतवाली पुलिस ने गुम मोबाईल को ढूंढकर मोबाइल धारकों को लौटाया



राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल के द्वारा तकनीकी सहायता से 3 लाख 75 हजार रूपये की कीमत वाले 25 नगर गुम मोबाइल को ढूंढकर निकाला गया और उसे उन मोबाईल धारकों को लौटाया गया। मोबाईल धारको को गुम मोबाईल मिल जाने से कोतवाली पुलिस टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बताया गया कि थाना कोतवाली पुलिस के द्वारा आगे भी गुम मोबाईल की रिपोर्ट प्राप्त होने पर ढुढने की कार्यवाही जारी रहेगी।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मोबाईल धारकों के गुम मोबाईल के तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत गुम हुए 25 नग मोबाईल को तकनीकी सहायता के माध्यम से ढूंढकर 4 मार्च सोमवार को मोबाईल धारको को लौटाया गया। पुलिस की कार्यवाही से मोबाईल धारको को उनका मोबाईल मिल जाने से सभी ने खुशी जाहिर की है। गुम मोबाईल उपरोक्त कार्यवाही में महिला आरक्षक रानू दुबे आरक्षक भवानी थनापति (सीसीटीएनएस आपरेटर थाना कोतवाली) एवं आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

## मधुसूदन यादव को लोकसभा प्रत्याशी नहीं बनायें जाने से सर्व यादव समाज में आक्रोश व्याप्त



**समाज प्रमुखों ने विशेष बैठक में लिया निर्णय**

राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से पूर्व सासंद मधुसूदन यादव को प्रत्यासी नही बनायें जाने पर सर्व यादव समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त हैं। छत्तीसगढ़ में दूसरी सर्वाधिक जनसंख्या वाले यादव समाज से 11 लोग सभाक्षेत्रों में जनप्रतिनिधि के लिए प्रदेश में एक भी लोकसभा का टिकट नही दिया जाना समाज के लिए बहुत बड़ा आघात और अपमान जनक बात हैं।

राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से आम जनता एवं यादव समाज के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि एवं पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव को प्रत्याशी बनाने की मांग की गई है। उल्लेखनीय है कि छ.ग. की राजनीति में राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र का अपना विशेष स्थान है और इस क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव जी योग्य और उपयुक्त प्रत्याशी है। श्री मधुसूदन यादव जी वर्ष 2009 से 2014 तक इस क्षेत्र का कुशल नेतृत्व करने के साथ आज भी अपनी लोकप्रियता आम जनता के बीच बनाये रखे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के चुनाव संचालक रहते हुए छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह को बड़ी जीत दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

जिला सर्व यादव समाज ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्रत्याशी चयन के लिए 2024 में करायें गयें सर्वेक्षण में भी मधुसूदन यादव का नाम प्रथम स्थान पर रहा हैं, इसके बावजूद लोकसभा का टिकट नहीं मिलना आम जनता और समाज के लिए समझ से परें हैं और सरकार द्वारा सर्वे करायें जाने का क्या औचित्य हैं।

समाज की मांग है कि सर्वे के आधार पर पुनः राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लोकसभा प्रत्याशी के लिए मधुसूदन यादव का नाम घोषित किया जाए। समाज की उपेक्षा से पनपा आक्रोश का प्रभाव प्रत्याशी पविर्तन नही करनें पर यादव समाज और अन्य पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा का विपरित परिणाम देखने को मिल सकता हैं।

## अजय पारख के अंतिम संस्कार में उमड़ा जन सैलाब, दी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि



राजनांदगांव (दावा)। नगर की धर्म प्रेमी जनता के लिए दुख की खबर आई कि धर्मनिष्ठ श्रावक अजय पारख लाल सुपुत्र स्वर्गीय शिवचंद जी पारख का आज ह्रदय गति रुकने से निधन हो गया। वे भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख एवं समाजसेवी गौतम पारख के छोटे भाई थे।

आज गंज लाइन स्थित उनके घर से अंतिम यात्रा मुक्तिधाम के लिए निकाली गई, जिसमें शहर के सभी गणमान्य लोगों ने भाग लिया एवं भाव विभोर होकर उन्हें श्रद्धांजलि व्यक्त की। लखोली स्थित मुक्तिधाम में डॉ. पुखराज बाफना, अशोक शर्मा, मनोज बैद, एस. नाहटा, गौतम चंद बोथरा, साधु मार्गी जैन संघ दुर्ग, परम गुरुभक्त महेश नाहटा, गौशाला से इंदरचंद कोठारी, साधु मार्गी के ललित चौरडिया, स्थानकवासी मार्ग से अध्यक्ष अशोक पारख एवं वरिष्ठ नेता सुरेश डूलानी, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल सहित सैकड़ों की संख्या में शहर के लोग उपस्थित थे। श्रद्धांजलि सभा में सभी ने एक स्वर में अटूट धार्मिक आस्था रखने वाले अजय पारख के अचानक चले जाने पर दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके परिवार को दुख सहने की प्रार्थना की। इस अवसर पर खूबचंद पारख ने भाव विह्वल होते हुए कहा कि लालू का यूं हमें छोड़ कर जाने से परिवार का आत्मबल कमजोर हुआ, उन्होंने लोगों के संबल बढ़ाने पर आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रेमचंद बाफना, सुरेश एच. लाल, सचिन बघेल, राजेंद्र गोलछा, अनूप गटागट, किशुन यदु, अमरचंद बाफना, पारस वर्मा, रानू जैन, विजयराय, विनोद बोहरा, संतोष बाफना, चंदन रूचंदानी, संदीप कोठारी, उत्तम चौरडिया, हकीम खान, तरुण लहरवानी, बालचंद भंसाली, कालू अरोड़ा, प्रकाश चौरडिया, अनिल उभरानी, नितिन अग्रवाल, विनय लुनिया, संजय बगनी, शांतिलाल लूनिया, नामित कांकरिया, शरद सिंहा, शिव वर्मा, संजय एवं अजय सिंगी, कमलेश बैद, भावेश बैद, राजकुमार बैद, अजय गटागट, रवि जी बैद, दिनेश जी कागोत, वर्धमान जी सिंघवी, रमेश श्रीमाल, प्रकाश श्रीमाल, संजय श्रीमाल, संजय हरियारानो, सुभाष बाफना, ललित मुनोत सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## निगम में अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली

**अपने बकाया करों का भुगतान कर नल विच्छेदन व कुर्की की कार्यवाही से बचने**
**o आयुक्त ने करदाताओं से की अपील**

राजनांदगांव (दावा)। वित्तीय वर्ष 2023-24 में राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करने आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर कर दाताओं की सुविधा हेतु कर की राशि जमा करने समस्त अवकाश के दिनों में टाउन हाल सभागृह में राजस्व कार्यालय खुला रहेगा। राजस्व कार्यालय में राजस्व निरीक्षक, सभी राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहेगे। जहॉ करो की वसूली की जावेगी,कर का भुगतान समय सीमा में नहीं करने पर अधिभार सहित बकाया कर की वसूली की जावेंगी। साथ ही बडे बकायदारों का नल विच्छेदन व कुर्की की कार्यवाही की जावेगी तथा बकाया दुकानदारों की दुकानें सील की जायेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने राजस्व अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को निर्देशित किया है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखते हुये कार्यालय एवं घर घर जाकर सम्पत्तिकर, समेकितकर,जलकर एवं दुकान किराया की वसूली करना सुनिश्चित करे। निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के टाउन हाल सभागृह राजस्व विभाग में चालू रखे, ताकि करदाता अपने बकाया करों का भुगतान कर सके। उन्होंने करदाताओं से अपील करते हुये कहा है कि अपने बकाया कर, संपत्तिकर,जलकर समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर अधिभार एवं आर्थिक भार से बचे।


## मोदी सरकार को महंगाई ले डूबेगी-नीरज कन्नौजे



**कहा - 400 पार का सपना कभी पूरा नहीं होगा**

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के युवा नेता नीरज कन्नौजे ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि वर्ष 2014 से केंद्र में काबिज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार को अब के लोकसभा चुनाव में विपक्ष की कोई भी पार्टी नहीं हरा आएगी। उसे हराएगी तो सिर्फ और सिर्फ महंगाई और उसकी निरंकुशता ही हराएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को मन के लड्डू खाने से कोई नहीं रोक सकता वह चाहे 400 लड्डू खा ले या उससे ज्यादा खा ले उसे कोई नहीं रोक सकता। 400 पार की बात लोकसभा चुनाव में सबके सामने दिख जाएगा। देश की जनता समझ चुकी है कि एक तरफ मुफ्त के नाम पर और दूसरी तरफ से उससे कई गुना ज्यादा निकाल लेना यह मोदी सरकार की नीति है। जनता इसे समझ चुकी है महतारी वंदन योजना के नाम पर अभी जो एक हजार रुपए महीना देगी किसी न किसी तरफ से वह इससे ज्यादा वसूल लेगी। उज्ज्वला योजना गरीबों को गैस कनेक्शन देकर गैस के दाम कितने बड़ा दिये है कि गरीब लोगों को गैस सिलेंडर भरना मुश्किल हो गया है। सिलेंडर घर के किसी कोने में पड़े रहते हैं और गरीब लकड़ी और कांदे चुनने खेतों और जंगलों की ओर निकलते हैं। ऐसे कई उदाहरण है 2022 तक सभी गरीबों को पक्का मकान देने की बात कही थी आज 2024 चल रहा है ऐसी कई योजनाएं मोदी सरकार की फेल साबित हुई है। लोग टीवी में उनके झूठ और लच्छेदार भाषण से उकता चुके हैं। श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि मोदी राज में रोजमर्रा की जरूरतों के दाम बेतहाशा बढ़ गये है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 1000 रु. के पार है। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 90 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में क्रुड आयल का दाम लगातार कम हो रहे है। 2014 की तुलना में वर्तमान में क्रुड आयल आधे रेट में मिल रहा है। लेकिन उसका लाभ आम जनता को नही मिल रहा है। खाने के तेल और दाल की कीमत 70 रु. और 60 रु. प्रति किलो थी, वह 200 रू. प्रति किलो को पार कर गई है। देश की आम जनता मोदी नीत भाजपा सरकार की महंगाई से परेशान है। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को आम जनता इसका मुंह तोड़ जवाब देगी।

## शिव सेवा मंडल द्वारा शिवरात्रि का भव्य आगाज




**o भूत प्रेत की यात्रा होती है आकर्षण का केंद्र**
**o 5 मार्च से 8 मार्च तक चलेंगे कार्यक्रम**

राजनांदगांव (दावा)। हेमू कालानी नगर स्थित शिव सेवा मंडल द्वारा सनातन धर्म की परंपरा के निर्वहन के लिए विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में प्रतिवर्ष शिवरात्रि को भव्य अंदाज में मनाने की परंपरा वर्षो से चली आ रही है। शिव सेवा मंडल के सेवादार आवतराम तेजवानी ने बताया कि इस वर्ष 5 मार्च को चक्करभाटा के भजन गायको द्वारा शिव भजन की प्रस्तुति दी जाएगी। 6 मार्च बुधवार को भगवान लाल बागेश्वर महादेव एवं माता पार्वती का फूलों एवं इत्रो से हल्दी पूजन किया जाएगा। 7 मार्च को महाकाल पार्थिव शिवलिंग का भव्य अभिषेक आचार्य मंडल द्वारा मंत्रोचार विधि एवं संगीत में भजनों से पूजन किया जाएगा। रात्रि 7:00 बजे से महाआरती होगी तत्पश्चात 56 भोग लगाया जाएगा। संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की बहनों द्वारा भी संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। रात्रि 7 बजे महाकाल की पालकी एवं साथ में महाराष्ट्र से आए श्याम बाबा नंदी पर सवार होकर भोलेनाथ की बैंड बाजों एवं झांज व डमरू नृत्य के साथ लालबाग भ्रमण करते हुए महाकाल की पालकी यात्रा निकाली जाएगी, इस अवसर पर भक्तगण माता को वस्त्र एवं श्रृंगार एवं छप्पन भोग लगाकर माता से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे, इसके बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महिलाओं को लाल ड्रेस में आना होगा। शिव सेवा मंडल के हरीराम तेजवानी ने बताया की 8 मार्च को भगवान लालबाग महादेव की भव्य बारात लाइटिंग रथ एवं भव्य आतिशबाजी के साथ शिव भक्तों के साथ निकाली जाएगी, जिसमें रात्रि 9:00 बजे काशी विश्वनाथ नगरी के कलाकारों द्वारा भूत प्रेतो के साथ नृत्य का कार्यक्रम व अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, इसके पश्चात का प्रसादी का वितरण किया जाएगा। शिव सेवा मंडल के अनिल तेजवानी, विनोद लुल्ला, राजेश तेजवानी, दिनेश तेजवानी, अर्जुन वाधवानी, एवं आसार जुमनानी आयोजन को सफल बनाने के लिए लगे हुए हैं।

## प्रेमिका को आत्महत्या के लिये प्रेरित करने वाला आरोपी गिरफ्तार



राजनांदगांव(दावा)। डोंगरगांव थाना क्षेत्र की एक आत्महत्या वाली घटना में पुलिस ने अपनी प्रेमिका को आत्महत्या करने हेतु प्रताड़ित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि मृतिका ने अपने हाथ से लिखे सुसाइड नोट में आरोपी का नाम लिखा था। आरोपी के द्वारा मृतिका को अपने प्रेमजाल में फंसाकर बाद में उसे निराश करके आत्महत्या करने विवश किया था। पुलिस द्वारा मृतिका के पास से मिली सुसाइड नोट का परीक्षण क्यूडी शाखा पुलिस मुख्यालय रायपुर से कराया गया। विशेषज्ञ के द्वारा सुसाइड नोट को मृतिका के ही हस्तलिखित होना लेख किया गया है। बताया जाता है कि मृतिक ने अपने सुसाइड नोट में कोमेश राणा निवासी बननवांगांव के द्वारा इज्जत के साथ खिलवाड़ करना के संबंध में लेख किया गया है। डोंगरगांव पुलिस द्वारा मृतिका का शव का पीएम एवं गवाहों तथा पंचगणों का कथन किया गया है। जांच में आरोपी कोमेश राणा के द्वारा मृतिका को प्रेम-प्रसंग में फंसाकर बाद में निराश करके आत्महत्या करने पर विवश करना पाया गया, जिसके करण उसका अपराध धारा 306 के मामले में आता है। आरोपी के खिलाफ उक्त अपराध दर्ज कर 4 मार्च को दोपहर के समय उसे गिरफ्तार किया गया व ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है। घटना के संबंध में डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह ने विवेचना की थी तथा मर्ग कायम कर अपने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्ग दर्शन व निर्देश पर मामले की छानबीन पश्चात उक्त निष्कर्ष पर पहुंचा गया था।

## राज्य कर अधिकारी को दी गई विदाई




राजनांदगांव (दावा)। कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर राजनांदगांव में पदस्थ श्रीराम तारम राज्य कर अधिकारी को सेवा अवधि पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दिया गया, श्रीराम तारम, का प्रथम नियुक्ति 23 जून 1981 में सहायक ग्रेड 3 में राजनांदगांव के सहायक आयुक्त कार्यालय में हुआ था, तत्पश्चात प्रथम प्रमोशन 2004 में सहायक ग्रेड 2 में हुआ उसके पश्चात 2013 में विभागीय परीक्षा के आधार पर राज्य कर निरीक्षक के पद पर पदस्थ हुए एवं दिसंबर 2021 में राज्य का अधिकारी के पद पर प्रमोशन हुआ। श्रीराम तारम इस बीच 42 साल 6 माह तक शासकीय कार्य में अपनी सेवा प्रदान करते रहें, कार्यक्रम की शुरुआत 29 फरवरी को कार्यालय राज्य कर आयुक्त राजनांदगांव में कविता ठाकुर सहायक आयुक्त, पंकज श्रीरंगे, मुकेश छाबिंद्र, राज्य कर अधिकारी, नीतीश पवार, सतीश मेश्राम, आशीष सोनी, हुशैन, राज्य कर निरीक्षक, चंद्राकर ध्रुव मुख्य लिपिक, एच.के मारकंडे, अविनाश साहू, सहायक ग्रेड 2, दिनेश ठाकुर, लेखापाल, संतोष खड़गे ओंकार शर्मा, संतोष साहू, भावना ढारगावे, आरिका, प्रियंका, प्रज्ञा, एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में सर्वप्रथम तिलक लगाकर उनका अभिवादन किया गया तत्पश्चात कविता ठाकुर सहायक आयुक्त द्वारा उनके कार्यों की सराहना करते हुए, सेवानिवृत टी विदाई सम्मान प्रतीक चिन्ह प्रदान करते हुए कर्म कौशल एवं व्यवहार की सराहना करते हुए इनके दीर्घायु, एवीएन आरोग्य जीवन की कुशल कामना करते हुए बधाई दी है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाजसेवी महिलाओं का मूंदड़ा कूंज में भव्य आयोजन



**महिला समाजिक संगठनों का लगेगा स्टाल/ महिला खेल-कूद, बाल मेला सहित होंगे विविध आयोजन**

राजनांदगांव(दावा)। शहर की जागरूक महिला संगठन ओ कान्हा महिला मंडल के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस प्रसंग पर जी.ई. रोड स्थित मूंदड़ा कूंज में भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बंध में ओ कान्हा महिला मंडल की अध्यक्ष अर्चना दास एवं कस्तुरबा महिला मंडल की संरक्षिका श्रीमती शारदा तिवारी की उपस्थिति में शहर की समाज सेवी महिलाओं की बैठक लिया गया। जिसमें कस्तुरबा महिला मंडल की अध्यक्ष अलका जानी, उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, सचिव साधना तिवारी, अग्रवाल महिला मंडल की माया अग्रवाल, राजपूत समाज की सुषमा सिंग, ब्राहमण समाज की विद्या पांडे, रितिका तिवारी, प्रियंका तिवारी, ममता शुक्ला, मुस्लिम कमेटी की ताहिरा अली, सबिहा गाजी, महाराष्ट्र मंडल की सीमा डोले, किरण शेण्डे, गुजराती समाज की गीता रायचा, दिव्या नगदिया, सिद्धि मिरानी के अलावा लीना यादव, ममता अवस्थी, श्रद्धा रेड्डी, अनिता जैन, दामिनी साहू आदि बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। आयोजक मंडल की अर्चना दास ने बताया कि 17 मार्च को मूंदड़ा कुंज में आयोजित इस भव्य महिला दिवस कार्यक्रम में महिलाओं के विभिन्न खेल स्पर्धा आयोजित किये जाएंगे वहीं विभिन्न समाज के महिला मंडलों द्वारा स्वादिस्ट व्यंजनों का स्टाल लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर एवं ग्रामीण महिलाओं के इन खेल-कूद आयोजन के अलावा कैंसर जागरूकता शिविर व बाल मेला का भी आयोजन किया गया है। 2 बजे से शाम 7 बजे तक चलने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में शहर की समाज सेवी महिलाओं सहित विभिन्न क्षेत्र में अपने श्रेष्ठ प्रदर्शनों से समाज में अपना उच्च स्थान बनाने वाली गणमान्य महिलाएं भी उपस्थित रहेगी। इस दौरान विशेष तौर पर उपस्थित कमला कॉलेज की भू.पू. छात्र संघ अध्यक्ष गरचा मेडम व शारदा तिवारी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित उक्त भव्य कार्यक्रम के लिए सभी समाजसेवी महिलाओं का उत्साह वर्धन किया व महाशिवरात्रि पर्व सहित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सबको बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## अनमोल दावा

> **जीवन एक शिक्षक की तरह होती है जो, समय समय पर सबकी परीक्षा लेती है।**

## बंगलुरु में भीड़भाड़ वाली जगह पर धमाके पर सवाल, घटना के पीछे हमलावर का उद्देश्य

बंगलुरु के कैफे में हुए बम विस्फोट से एक बार फिर सुरक्षा इंतजामों में अधिक कड़ाई की जरूरत रेखांकित हुई है। हालांकि घटना के बाद प्रशासन तुरंत सक्रिय हो गया और उसने दोषी को पकड़ने के लिए जाल बिछा दिया। गनीमत थी कि विस्फोटक हल्की तीव्रता का था और उसमें ज्यादा बड़ा नुकसान नहीं हुआ। उसमें दस लोग घायल हो गए। पता चला है कि शुक्रवार की दोपहर एक युवक बैग लेकर कैफे में घुसा और कुछ भोजन का आदेश देने के बाद बैग वहीं छोड़ कर चला गया। उसके कुछ देर बाद ही धमाका हो गया। सीसीटीवी कैमरे में उस युवक की तस्वीर कैद हो गई है। पुलिस अभी इस घटना को आतंकवादी साजिश मानने से इनकार कर रही है। गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

हालांकि पुलिस इस विस्फोट का अध्ययन करीब चौदह महीने पहले मंगलुरु में इसी तरह एक प्रेशर कुकर में हुए विस्फोट से जोड़ कर करने का प्रयास कर रही है। मगर यह सवाल अभी तक अनुत्तरित है कि अगर इस विस्फोट के पीछे किसी आतंकवादी संगठन का हाथ नहीं है, तो आखिर वहां किस तरह के अपराधी संगठन सक्रिय हैं, जो बंगलुरु में दहशत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

बंगलुरु कर्नाटक की राजधानी है और वहां अनेक देशी-विदेशी साफ्वेटयर कंपनियों के मुख्यालय और शैक्षणिक संस्थान भी हैं। किसी व्यावसायिक शहर में इस तरह विस्फोट की घटनाओं से वहां के कारोबारियों के मनोबल पर बुरा असर पड़ता है। खासकर विदेशी कंपनियां ऐसी असुरक्षित जगहों पर अपना कारोबार चलाना ठीक नहीं मानतीं। इसलिए भी कर्नाटक सरकार के लिए यह विस्फोट एक चुनौती की तरह हुआ है। स्वाभाविक ही इस घटना के बाद बंगलुरु की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

हालांकि ज्यादातर सार्वजनिक स्थानों पर अब सुरक्षा की दृष्टि से जांच के कड़े इंतजाम किए जाते हैं। थैले आदि की विशेष रूप से जांच की जाती है। इस तरह ऐसी जगहों पर बैग वगैरह में विस्फोटक छिपा कर ले जाना और अपनी साजिशों को अंजाम देना अपराधियों के लिए आसान नहीं होता है। मगर जिस कैफे में विस्फोट हुआ, वह एक छोटी-सी जगह है, इसलिए वहां जांच के ऐसे उपकरण इस्तेमाल नहीं होते रहे होंगे। शहरों में ऐसी अनेक छोटी-छोटी जगहें होती हैं, जिनमें बीस-पचास लोगों के बैठने और नाश्ता-भोजन आदि की व्यवस्था होती है। ऐसी जगहों पर प्राय- मशीनों से लोगों और चीजों की जांच के इंतजाम नहीं किए जाते। उसी का फायदा बंगलुरु विस्फोट के अपराधी ने उठाया।

आतंकवादी गतिविधियों से सबसे अधिक खतरा ऐसी ही जगहों पर होता है, जहां भीड़भाड़ अधिक रहती है और बाजार में जांच आदि के पुख्ता इंतजाम नहीं होते। आतंकवादियों और शरारती तत्त्वों के लिए ऐसी जगहों पर अपनी साजिशों को अंजाम देना और कम विस्फोटक के जरिए अधिक से अधिक नुकसान पहुंचाना आसान होता है।

यह ठीक है कि हर छोटी-छोटी दुकान का मालिक ग्राहकों और उनकी वस्तुओं की जांच की व्यवस्था नहीं कर सकता, मगर ऐसे इलाकों के प्रवेश द्वारों पर सरकार की तरफ से जांच के इंतजाम तो किए ही जा सकते हैं। हालांकि अक्सर देखा गया है कि जिन जगहों पर ऐसे इंतजाम हैं भी वहां जांच उपकरण ठीक ढंग से काम नहीं करते। बंगलुरु की घटना एक तरह से देश के सभी संवेदनशील शहरों में सुरक्षा इंतजाम को लेकर चेतावनी की घंटी है।

# क्यों खास होते है विधानसभा अध्यक्ष

> *किसी दल के पास सरकार चलाने का स्पष्ट बहुमत न हो, तो विधानसभा अध्यक्ष की उपयोगिता बढ़ जाती है. सत्ता पक्ष अपनी पंसद का विधानसभा अध्यक्ष चाहता है. बिहार में नीतीश कुमार के बहुमत साबित करने से पहले पुराने विधानसभा अध्यक्ष को हटाकर नया विधानसभा अध्यक्ष चुना गया.*

गठबंधन सरकारों को चलाने की बात हो या फिर कमजोर बहुमत की, इन हालात में विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका खास हो जाती है. बिहार में जब जदयू नेता नीतीश कुमार को 9वीं बार बहुमत साबित करने का समय आया तो सब से पहले विधानसभा के पहले वाले अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी को हटाने का प्रस्ताव पेश हुआ. पुराने विधानसभा अध्यक्ष राजद के समर्थक माने जाते थे. उन की जगह पर नए विधानसभा अध्यक्ष के रूप मे नंद किशोर यादव को चुना गया. इस के बाद नीतीश कुमार का बहुमत साबित होना पक्का हो गया था. नंदकिशोर यादव 7 बार के विधायक हैं. मंत्री रहे हैं. वे आरएसएस के करीबी भी हैं.

अगर राजद के 3 विधायक विधानसभा अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव के विरुद्ध मतदान करते तो विश्वास मत में पड़े वोटों की संख्या 122 हो जाती. वैसी स्थिति में राजग के 5 विधायकों के अलावा राजद पक्ष के 2-3 विधायक पाला बदल लेते तो सरकार बहुमत हासिल नहीं कर सकती थी. राजद के 3 विधायकों चेतन आनंद, नीलम देवी और प्रह्लाद यादव के पाला बदलते ही राजग के आधा दर्जन नाराज चल रहे विधायक नरम पड़ गए, उन को लगा कि अब उन के बिना भी सरकार बन जाएगी। इन विधायकों ने सदन का रुख कर लिया. जदयू के एक विधायक दिलीप राय इस के बाद भी मतदान में शामिल नहीं हुए.

राजग यानी एनडीए का विधानसभा अध्यक्ष बनते ही जदयू के नाराज विधायकों को यह पता चल गया कि अब वे जदयू को तोड़ नहीं पाएंगे. ऐसे में पार्टी के साथ रहने में ही भलाई है. जब इस तरह का बहुमत साबित करना होता है तब विधानसभा अध्यक्ष की अहमियत बढ़ जाती है. इसीलिए बहुमत साबित करने वाला दल अपनी पसंद का विधानसभा अध्यक्ष चाहता है. उत्तर प्रदेश में जब मायावती यानी बसपा-भाजपा की गठबंधन वाली सरकार बनती थी तब भाजपा केशरीनाथ त्रिपाठी को ही विधानसभा अध्यक्ष बनाती थी. वे दलबदल कानून के सब से बड़े जानकार और वकील थे. वे पार्टी को संकट से निकालने का काम करते थे. ऐसे उदाहरण देशभर में भरे पड़े हैं.

महाराष्ट्र में शिवसेना के 16 विधायकों की अयोग्यता मामले में फैसला सुनाते हुए विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने शिंदे गुट को सही ठहराया. उस के बाद उद्धव ठाकरे ने स्पीकर पर तंज कसा और कहा कि आज लोकतंत्र की हत्या हुई है. महाराष्ट्र में असली शिवसेना कौन है, इसे ले कर पिछले डेढ़ साल से चल रही दावेदारी की लड़ाई में एक बड़ा मोड़ तब सामने आया जब महाराष्ट्र के विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने सुप्रीम कोर्ट की बारबार की फटकार के बाद दी गई मोहलत के आखिरी दिन यानी 10 जनवरी को अपना फैसला सुनाया.

स्पीकर राहुल नार्वेकर ने चुनाव आयोग का हवाला देते हुए एकनाथ शिंदे गुट को राहत दी है. नार्वेकर ने अपने फैसले में कहा कि असली शिवसेना शिंदे गुट ही है और उद्धव ठाकरे गुट ने नियमों को ताक पर रख कर विधायकों को सस्पेंड किया था.

स्पीकर के फैसले पर पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम जनता को साथ ले कर लड़ेंगे और जनता के बीच जाएंगे. स्पीकर का आज जो आदेश आया है, वह लोकतंत्र की हत्या है और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी अपमान है. सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा था कि राज्यपाल ने अपने पद का दुरुपयोग किया है और गलत किया है. अब हम इस लड़ाई को आगे भी लड़ेंगे और हमें सुप्रीम कोर्ट पर पूरा भरोसा है. सुप्रीम कोर्ट जनता और शिवसेना को पूरा न्याय दिए बिना नहीं रुकेगा.

शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने स्पीकर के फैसले पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर षड्यंत्र करने का आरोप लगाया. शिवसेना के पास यही विकल्प बचा क्योंकि इस से पहले चुनाव आयोग भी शिंदे गुट के पक्ष में ही फैसला सुना चुका था.

### न्याय मिलना सरल नहीं

महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर के फैसले से शिवसेना संतुष्ट नहीं है. इस के खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है. संवैधानिक संस्थाओं को इसलिए बनाया गया था कि वे ज्यादा प्रभावी फैसला कर सकती हैं. हाल के कुछ सालों में संवैधानिक संस्थाओं ने ऐसे फैसले दिए जो विवादित रहे हैं. महाराष्ट्र के इस मसले में चुनाव आयोग और विधानसभा स्पीकर दोनों के फैसलों से शिवसेना उद्धव गुट संतुष्ट नहीं रहा. यह पहली बार नहीं है कि विधानसभा स्पीकर के फैसले पर सवाल उठे हों. जब भी राजनीतिक दलों में दलबदल या तोड़फोड़ होती है, विधानसभा स्पीकर का फैसला मान्य होता है. लोकसभा और राज्यसभा से लेकर विधानसभाओं तक एकजैसा ही दस्तुर चल निकला है. लोकसभा में अभी 142 सांसदों को निलंबित किया गया, वहीं भी सवाल खड़े हो रहे हैं. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ काफी चर्चा में रहे हैं. अब सदन में सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन रखना सरल नहीं रह गया है. फैसले के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना सरल हो गया है.

### क्यों खास है विधानसभा स्पीकर

विधानसभा के अध्यक्ष किसी भी राज्य में राजनीतिक उठापटक को देखते हुए साल 1985 में पास किए गए दलबदल कानून का सहारा ले सकते हैं. इस कानून के तहत सदन के अध्यक्ष कई हालात में फैसला ले सकता है, जैसे अगर कोई विधायक खुद ही अपनी पार्टी की सदस्यता छोड़ देता है, कोई निर्वाचित विधायक पार्टी लाइन के खिलाफ जाता है, कोई विधायक पार्टी व्हिप के बावजूद मतदान नहीं करता है, कोई विधायक विधानसभा में अपनी पार्टी के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करता है आदि. संविधान की 10वीं अनुसूची में निहित शक्तियों के तहत विधानसभा अध्यक्ष फैसला ले सकता है.

दलबदल कानून के तहत विधायकों की सदस्यता रद्द करने पर विधानसभा अध्यक्ष का फैसला आखिरी हुआ करता था. 1991 में सुप्रीम कोर्ट ने 10वीं सूची के 7वें पैराग्राफ को अवैध करार दिया. सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि स्पीकर के फैसले की कानूनी समीक्षा हो सकती है.

### विधानसभा स्पीकर को ले कर होते थे समझौते

सरकार चलाने में विधानसभा स्पीकर की भूमिका बहुत प्रभावी होती है. ऐसे में गठबंधन की सरकार चलाने में दल यह चाहते थे कि स्पीकर उन का हो. उत्तर प्रदेश में 1995 से 2004 तक गठबंधन की सरकारों का दौर चल रहा था, बसपा और भाजपा का गठबंधन होता था. जिस में यह तय होता था कि पहले 6 माह बसपा नेता मायावती मुख्यमंत्री रहेंगी, उस के बाद भाजपा नेता कल्याण सिंह मुख्यमंत्री होंगे. मायावती पहले मुख्यमंत्री बनीं. जब कल्याण सिंह का नंबर आया तो उन्होंने विधानसभा भंग करने का फैसला किया. उधर, भाजपा ने मायावती के पैंतरे का जवाब देने के लिए बहुजन समाज पार्टी में दलबदल करा दिया. यहां पर विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका खास हो जाती थी.

भाजपा ने उस दौर में केशरीनाथ त्रिपाठी को अपना विधानसभा स्पीकर बनवाया था. केशरीनाथ त्रिपाठी अच्छे वकील थे. उन के फैसले ऐसे होने लगे जिन का लाभ भाजपा को मिलता था. वे जो फैसला देते थे उस की काट कोर्ट में भी नहीं हो पाती थी. इस के बाद यह परिपाटी शुरू हो गई कि गठबंधन सरकार में मुख्यमंत्री एक गुट का होता था तो विधानसभा स्पीकर दूसरे गुट का. इस से यह पता चलता है कि गठबंधन सरकारों में विधानसभा स्पीकर का महत्त्व कितना और क्यों होता है.

साल 2011 में कर्नाटक में भी इसी तरह का मामला सामने आया था. तब कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के 11 विधायकों की सदस्यता रद्द कर दी थी. जब यह मामला हाई कोर्ट पहुंचा तो विधायकों की सदस्यता रद्द किए जाने के पक्ष में फैसला आया. जब यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश अल्तमस कबीर की अध्यक्षता वाली पीठ ने विधायकों की सदस्यता रद्द नहीं करने का फैसला सुनाया.

साल 1992 में एक विधायक की सदस्यता रद्द किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट और मणिपुर के विधानसभा अध्यक्ष एच बोडोबाबू के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई थी. कई बार ऐसे मौके आए जब विधानसभा अध्यक्षों की भूमिका और उन के अधिकारों को ले कर अदालतों में बहसें हुई हैं. संविधान ने जिस तरह से विधानसभा अध्यक्ष और चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं को अधिकार दिए थे, अब ये उस तरह से फैसले नहीं कर रहे.

इस वजह से इन संस्थाओं के भरोसे पर सवाल उठने लगे हैं. न्याय कठिन हो गया है. हर व्यक्ति सुप्रीम कोर्ट से ही राहत की उम्मीद करने लगा है. वहां तक पहुंचना सरल नहीं रह गया है. खर्च वाला काम है. संवैधानिक संस्थाओं के फैसले लोगों को संतुष्ट नहीं कर पा रहे हैं.

**- शैलेंद्र**

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 85: ठोस, भारी व कठोर शिवधनुष, जिसे राजागण हिला भी नहीं पाए

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



शतानंद जी ने घोषणा की, ''सभा में उपस्थित सभी अतिथिगण! मिथिला नरेश महाराज जनक की इस विशेष सभा में आप सभी का स्वागत और अभिनंदन है.. महाराज जनक ने अपनी पुत्री सीता के विवाह के लिए जो शर्त रखी है, उससे आप सब अवगत हैं। महाराज की आज्ञा से मैं इसकी पुनः घोषणा करने जा रहा हूं। आप सभी के सामने भगवान शिव का वह पिनाक धनुष है जिसने अनेक अवसरों पर सत्य और न्याय की रक्षा के लिए दुष्टों का संहार किया है। भगवान शिव की कृपा से यह धनुष महाराज जनक के पूर्वजों को प्राप्त हुआ था और यह अभी भी मिथिला की शोभा बढ़ा रहा है। यह संपूर्ण प्रजा के लिए अत्यंत पवित्र और पूज्य धनुष है। जब से यह धनुष जनकपुरी में है तब से अन्य किसी ने भी इसका उपयोग करने का साहस नहीं किया है। मिथिला की राजकुमारी सीता में असाधारणता है। वे बचपन में ही इस शिव धनुष को उठा चुकी हैं। उनके विवाह के लिए महाराज जनक ने यह शर्त रखी है कि जो कोई भगवान शिव के इस धनुष की प्रत्यंचा चढ़ा देगा, राजकुमारी उन्हीं को अपने वर के रूप में चुनेंगी। इस ठोस, भारी और कठोर धनुष को वही व्यक्ति उठा सकता है जिसमें एक योद्धा की शक्ति और युक्ति दोनों हो। जिसमें अपार बल हो। जिसमें अतिमानवीय क्षमताएं हो। यह सब केवल देवताओं के पास ही हो सकता है। अगर किसी मनुष्य में यह शक्ति है तो वह देवतुल्य है और ऐसा व्यक्ति ही राजकुमारी से विवाह के लिए सर्वथा योग्य माना जाएगा।''

शिव धनुष का पीत आवरण हटाया गया। सचमुच भगवान शिव का वह दिव्य धनुष चमकदार और बनावट में एक विशेष आकार लिए हुए था। राम और लक्ष्मण उस धनुष को देखकर रोमांचित हो गए। उन्होंने हाथ जोड़कर पिनाक धनुष को प्रणाम किया। श्री राम इस बात की कल्पना करने लगे कि जब भगवान शिव इसे धारण करते होंगे तो उस समय यह धनुष उन पर कितना शोभित होता होगा। भगवान शिव के इस धनुष से प्रक्षेपास्त्र की तरह ही बाण छूटते होंगे और इसीलिए यह दुष्टों के हृदय में आतंक का पर्याय है। राम और लक्ष्मण दोनों उस धनुष के संबंध में आपस में बातें करने लगे।

''भगवान शिव ने इस धनुष से त्रिपुरासुर के तीन नगरों को एक ही बाण में ध्वस्त कर दिया था।'' श्री राम ने बताया।

''अद्भुत! आज हमें इस धनुष के दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।'' लक्ष्मण जी ने प्रसन्न होते हुए कहा शतानंद जी के बाद महाराज जनक ने अपने हाथ जोड़कर सभी राजाओं को एक-एक कर शिव धनुष के पास आने और स्वयंवर की शर्त को पूरा करने के लिए आमंत्रित किया। एक के बाद एक राजा तथा राजकुमार आते गए पर शिव धनुष को उठाना तो दूर, वे उसे अपने स्थान से हिला भी नहीं पाए।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस मौलिक रचना में रामकथा का मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -353


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 352 का हल



## बढ़ता वजन किसी गंभीर बीमारी का संकेत तो नहीं?



### थायरॉइड, डायबिटीज जैसी बीमारी के शिकार लोग में भी मोटापे का खतरा

अधिक वजन या मोटापा की समस्या को स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंताकारक स्थिति मानी जाती है। इससे कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों का खतरा भी हो सकता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपने वजन को कंट्रोल रखने की सलाह देते हैं। अध्ययनकर्ताओं ने बताया, जिन लोगों का वजन सामान्य से अधिक होता है उनमें डायबिटीज, हृदय रोग और हार्ट अटैक जैसी क्रोनिक बीमारियों और जानलेवा समस्याओं का खतरा अधिक हो सकता है। वजन जितना अधिक होता है घुटने पर उतना अतिरिक्त दबाव बढ़ता है जिससे आर्थराइटिस जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा हो सकता है।

द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित विश्लेषण के अनुसार, दुनियाभर में मोटापे से ग्रस्त बच्चों, किशोरों और वयस्कों की कुल संख्या एक बिलियन (एक अरब) से अधिक हो गई है।

क्या आप भी बढ़ते वजन की समस्या के शिकार हैं? ये स्थिति न सिर्फ आपमें क्रोनिक बीमारियों का जोखिम बढ़ा देती है साथ ही कई बीमारियों के विकास का संकेत भी हो सकती है। इसलिए मोटापे या वजन बढ़ने की समस्या पर गंभीरता से ध्यान देना और इसे कंट्रोल करना जरूरी हो जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चों के साथ-साथ बुजुर्ग भी मोटापा के शिकार हो रहे हैं। अधिक वजन की स्थिति सभी लोगों के लिए समस्याकारक हो सकती है। मोटापा बढ़ने के लिए आहार-जीवनशैली में गड़बड़ी के अलावा कुछ बीमारियां भी कारक हो सकती हैं। वजन बढ़ने का मुख्य कारण अधिक खाना खाना, विशेषतौर पर ज्यादा कैलोरी से भरपूर आहार का सेवन करना माना जाता है।

जो लोग पहले से ही क्रोनिक बीमारियों के शिकार हैं, उनमें मोटापा बढ़ना बीमारियों के जटिलाता को और भी बढ़ाने वाला हो सकता है। उदाहरण के लिए यदि आप पहले से ही हृदय रोग से पीड़ित है तो मोटापे की समस्या हार्ट अटैक जैसी घातक स्थितियों का कारक हो सकती है। आइए जानते हैं कि वजन बढ़ने के क्या कारण हो सकते हैं। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल या शारीरिक निष्क्रियता की कमी आपमें कई बीमारियों के जोखिम को बढ़ा देती है। दिन में अधिकतर समय बैठे रहना और शारीरिक गतिविधियों की कमी के कारण मोटापा हो सकता है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल सिर्फ मोटापा ही नहीं बढ़ाती है, ये आपमें डायबिटीज, हार्ट की समस्याओं का भी कारक हो सकती है। यही कारण है कि सभी लोगों को रोजाना व्यायाम करते रहने की सलाह दी जाती है।

कई बीमारियों के कारण भी आपमें अचानक से वजन बढ़ने की दिक्कत हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, थायरॉइड, डायबिटीज जैसी बीमारी के शिकार लोग में भी मोटापे का खतरा अधिक होता है। इसके अलावा यदि आप अधिक स्ट्रेस लेते हैं, नींद पूरी नहीं होती है तो जीवनशैली की ये गड़बड़ आदतें भी मोटापे का कारण बन सकती हैं। डॉक्टर कहते हैं जिन लोगों के परिवार में पहले से ही कुछ लोग मोटापे या अधिक वजन के शिकार रहे हैं, उनमें खतरा अधिक होता है। ऐसे लोगों को वजन को लेकर और भी सतर्कता बरतना चाहिए।

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। पूराना निवेश आज आपके बहुत काम सकता है। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें। आपकी कोशिशें जल्द ही रंग ला सकती हैं।

**वृषभ**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आपका मन सामाजिक कार्यों की तरफ रहेगा। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े छात्रों को बेहतर परिणाम हासिल होंगे। साथ ही जो विद्यार्थी विदेश में शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए आज का दिन फेवरेबल है। आपको शिक्षकों से पढ़ाई में पूरी तरह मदद भी मिलेगी। आज पैसों की स्थिति पर गंभीरता से विचार करेंगे।

**मिथुन**
आज आपको थोड़ा मानसिक तनाव हो सकता है। आप अपने भविष्य को लेकिर चिंतित रहेंगे। आपका अपने रोज के कामों में भी मन नहीं लगेगा। आप थोड़े सुस्त हो सकते हैं। संतान के साथ कुछ विवाद होने की संभावना बन रही है। किसी मामले को आपको बातचीत और शांति से सुलझाने की कोशिश करना चाहिए।

**कर्क**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपके सभी काम मन-मुताबिक पूरे हो सकते हैं। संतान पक्ष से आज आपको खुशखबरी मिल सकती है। जिससे अपका मन खुश हो जाएगा। कला से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहद ही शुभ है। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं। हालांकि आपकी आर्थिक स्थिति में उतार-चढ़ाव रहेगा। आपको किसी काम से एक्स्ट्रा भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है। किसी अजनबी व्यक्ति की वजह से आपका मूड थोड़ा खराब हो सकता है।

**कन्या**
आज आपका दिन फेबरेबल रहेगा। रूके हुए कामों में आपको किसी मित्र की मदद मिलेगी। आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है। आपके पास कुछ नई जिम्मेदारियां आएंगी, जिन्हें पूरा करने में आप सफल होंगे। पहले किए गए अच्छे कामों का आज आपको फायदा मिल सकता है। आप करियर में आगे बढ़ेंगे।

**तुला**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको किसी मामले में बड़ा निर्णय लेना पड़ सकता है। कारोबारियों को बड़ा फायदा होने के असार हैं। आपकी समझदारी आपको हर प्रकार की मुसीबतों से दूर रखने में सहायता कर सकती है। पारिवारिक काम की वजह से दौड़भाग करनी पड़ सकती है, इससे आपको थकान महसूस होगी।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। शाम तक आपके घर में खुशी का माहौल बनेगा। साथ ही रिश्तेदारों का घर पर आना-जाना लगा रहेगा। आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को करियर में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

**धनु**
आज आपका दिन उत्तम रहेगा। बाहर जाते समय रास्ते में किसी करीबी दोस्त से आपकी मुलाकात हो सकती है, जिससे मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जाएगा। ऑफिस में आपका कॉन्फिडेन्स देखकर बॉस आपसे खुश हो जाएंगे। अगर नए काम की शुरूआत करने की सोच रहे हैं, तो आगे चलकर आपको काफी फायदा होगा।

**मकर**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। आपके तरक्की में थोड़ी रूकावटें आ सकती है। इससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। परिवार में सुख-शांति का माहौल बना रहेगा। साथ ही आप उनके साथ किसी धार्मिक स्थान पर जाने का प्लान बना सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति पर आपको भरोसा करने से बचना चाहिए।

**कुंभ**
आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आप अपनी काबिलियत से काम को सरलता पूर्वक पूरा कर लेंगे। धन लाभ में काफी इजाफा होगा। दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य उत्तम रहेगा। स्वास्थ्य के मामले में आप ऊर्जावान महसूस करेंगे। करियर में आगे बढ़ने का कोई अच्छा मौका आपको मिलेगा।

**मीन**
आज आप अपनी ऊर्जा अच्छे कामों में लगा सकते हैं। सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिल सकता है। शैक्षणिक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। लेकिन छात्रों के लिए समय थोडा अनुकूल रहेगा। आज आप अपनी पढ़ाई को लेकर चिंतित हो सकते हैं। आपको जीवनसाथी का सहयोग मिल सकता है।

# सीएम विष्णुदेव साय बोले: राजिम कुंभ का फिर लौटा वैभव; महतारी वंदन योजना की पहली किस्त 7 मार्च को होगी जारी



रायपुर। जानकी जयंती संत समागम समारोह के शुभारंभ अवसर पर राजिम पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती और प्रभु श्रीराम का ननिहाल है। राजिम कुंभ की शुरुआत डॉ. रमन सिंह सरकार में हुई थी। पिछले पांच वर्षों में इसका स्वरूप कुछ बिगड़ गया था। इस वर्ष कुंभ का आयोजन 10 गुना भव्यता के साथ हो रहा है। राजिम कुंभ के फिर से भव्य आयोजन से छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ा है और राजिम कुंभ का वैभव एक बार फिर लौटा है। उन्होंने कहा कि कुंभ में शामिल होने आए साधु-संतों के आशीर्वाद से राज्य में सुख-समृद्धि और खुशहाली आएगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी श्रद्धालुओं को राजिम कुंभ के आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया हम उसे पूरा करने के लिए लगातार फैसले ले रहे हैं। किसानों को बहुत जल्द धान बिक्री की अंतर की राशि मिलेगी। महतारी वंदन योजना का लाभ मिलना शुरू होगा। पहली किस्त 7 मार्च को जारी होगी। पात्र विवाहित महिलाएं आगे भी फार्म भरकर महतारी वंदन योजना का लाभ ले सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी के गारंटी के अनुरूप में अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन कराने के लिए हमनें श्री रामलला दर्शन योजना प्रारंभ की है, जिसमें हर वर्ष हजारों लोगों को अयोध्या धाम का दर्शन कराया जाएगा। 5 मार्च को रायपुर से इस योजना की पहल ट्रेन अयोध्या के लिए रवाना होगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राजिम कुंभ मेले की वेबसाइट लांच की और राजिम कुंभ पर आधारित पुस्तक का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में भगवान राजीव लोचन पर आधारित लाइट एंड साउंड शो का प्रदर्शन किया गया। हमने कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाने का निर्णय लिया है। किसानों को दो वर्ष के बकाया धान बोनस के रूप में 3716 करोड़ रूपए की राशि उनके खाते में अंतरित कर दी गई है। 24 लाख 72 हजार किसानों को धान बिक्री की अंतर की राशि के रूप में 13 हजार करोड़ रूपए देंगे।

धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजिम कुंभ के भव्य आयोजन के साथ-साथ इस साल का कुंभ रामोत्सव राजिम कुंभ के नाम से आयोजित करने की अनुमति दी है। साधु-संतों के आगमन और आशीर्वाद से कुंभ सफल होता है। मातृशोक के कारण मेरा शरीर मंच पर नहीं है, पर मेरी आत्मा एक महीने से यहीं है। पिछले 20 सालों में सबसे भव्य कुंभ इस बार हो रहा है। राजिम कुंभ तब तक पूरा नहीं होता जब तक साधु संत नहीं आते साधु संतों की अमृतवाणी से ही यह राजिम कुंभ कल्प सफल होता है। पूरे देश में चार कुंभ के होते हैं, ये चार कुंभ तो 12 साल में एक बार होते हैं, लेकिन राजिम कुम्भ कल्प पहला कुंभ है जो हर साल होता है।

### राजिम तीन नदियों, तीन जिलों और संस्कृति का संगम

सांसद चुन्नीलाल साहू स्वागत ने भाषण देते हुए कहा कि राजिम केवल तीन नदियों का संगम नहीं है। तीन जिलों और छत्तीसग? की संस्कृति का भी संगम है। महामंडलेश्वर यतिन्द्रानंद गिरी जी महाराज ने कार्यक्रम में कहा कि पांच वर्ष बाद राजिम कुंभ भव्य और दिव्य स्वरूप में दिख रहा है। भारत सहित पूरी दुनिया में इस समय सनातन संस्कृति का पुर्नजागरण हो रहा है। शिव महापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि उनका पहली बार राजिम आना हुआ है। यहां का नजारा देखकर लगा कि यह प्रयागराज और हरिद्वार से कम नहीं है। राजिम के कंकर-कंकर में भगवान श्री शिव बसे हुए हैं। माता जानकी द्वारा स्थापित शिवलिंग यहां कुलेश्वर महादेव के रूप में विराजमान है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने किया आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आमाटोला में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू थी. मुख्यअतिथि श्रीमती गीता घासी साहू ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जनपद सदस्य योग माया साहू, दिलीप वर्मा महामंत्री, भारत भूषण राजपूत महामंत्री, देवनारायण कुंभकार, मदन साहू पूर्व महामंत्री, केशव उमरिया, विष्णु कराडे, मेहर साहू, मन्नू कराडे, श्याम दास, कुवर साहू, सुकालू, रामपाल आदि मौजूद रहे।

## पहला कॉलम...

### 173 नवीन राशन कार्ड वितरित




हरदी (दावा)। ग्राम पंचायत गिधवा में दिनांक 4 मार्च सोमवार को सरपंच विजय कुंजाम, उपसरपंच मंगलू देवदास एवं सचिव की उपस्थिति में ग्राम पंचायत भवन में शिविर आयोजित कर 173 नवीन राशन कार्ड का वितरण किया गया।

### उड़नदस्ता दल क्रमांक-2 की टीम ने सुदूर वनांचल क्षेत्र में चल रहे परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



राजनांदगांव(दावा)। कलेक्टर के आदेशानुसार छग माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं में नकल अथवा किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकने तथा निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु जिला स्तर पर चार उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में गठित दल क्रमांक-2 में प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहरे जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव को नियुक्त किया गया है एवं सहायक अधिकारी के रूप में पीआर झाड़े सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव एवं दल के अन्य सदस्य मनीष कुमार सोनी व्याख्याता, श्रीमती स्वाति वर्मा व्याख्याता को दायित्व सौंपा गया है। इस उड़नदस्ता दल द्वारा 4 मार्च को आयोजित 12वीं की परीक्षा अंग्रेजी विषय में कुल 5 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चारभांठा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बागरेकसा, शा. उच्चतर माध्यमिक शाला कोठीटोला, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरतलाव, शा. उच्चतर माध्यमिक शाला अंडी शामिल है। उक्त सभी परीक्षा केन्द्रों में नकल प्रकरण एवं अनुचित साधन उपयोग के कोई भी प्रकरण नहीं पाये गये।

### खेल से समाज में एकता स्थापित होती है- प्रतुल



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम भंडारीभरदा में संभाग स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरामी जिला बालोद की टीम विजेता रही वहीं सेमरा की टीम द्वितीय एवं बेलरगोंदी की टीम तृतीय स्थान पर रही। खेल के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रतुल कुमार वैष्णव समाजसेवी, शिक्षाविद एवं कृषक शामिल हुए. प्रतुल ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल दिलों से दिलों को जोडक़र समाज में एकता स्थापित करता है. आज किशोर एवं युवा सोशल मीडिया और ऑनलाइन गेम के जाल में फंसकर खेल से विमुख होते जा रहे हैं. ऐसे में इस तरह का आयोजन अधिक से अधिक होना चाहिए, जिससे किशोर एवं युवा खेल के प्रति आकर्षित हों और उनका शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित हो. आयोजक मंडल और समस्त ग्रामवासियों की ओर से विजेता टीम को तैंतीस हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को पंद्रह हजार रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीम को सात हजार रुपए, मैडल एवं ट्राफी प्रदान किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक मंडल के अध्यक्ष चंदू भंडारी, अविनाश सोनपीपरे, अजय सोनपीपरे, ग्राम पटेल बिसेन सिंह मंडावी, ज्ञानिक बारमाटे, छबिलाल साहू, कीर्तन भुआर्य, पीतांबर कुल्हाड़े, भागवत रावटे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

## टूटी झोपड़ी में बना दी पक्की दुकान, कालोनी का रास्ता ब्लॉक, वार्ड वासी परेशान

**वार्डवासियों ने महापौर एवं आयुक्त से की शिकायत, तत्काल कार्यवाही की मांग**




राजनांदगांव(दावा)। स्टेशनपारा ओवरब्रिज के नीचे टूटी झोपड़ी में पक्का दुकान बनाने से वार्डवासी परेशान मुदलियार कालोनी जाने वाला रास्ता ब्लॉक हो गया है, इसकी शिकायत महापौर एवं नगर निगम आयुक्त से की है।

शेख अनीश बताया कि स्टेशन पारा ब्रिज के नीचे वार्ड क्रमांक 7 व 11 ओवरब्रिज के नीचे मुदलियार कालोनी जाने वाले रास्ते में काफी पुरानी झोपड़ी थी, जिसमें रहने वाले वृद्ध की मौत हो गई। वार्ड के ही पूर्व पार्षद के संरक्षक में उक्त झोपड़ी को खुद की निजी संपत्ति बताकर किसी अन्य को बेच दिया। जिसमें अब शंकर नामक व्यक्ति द्वारा पक्की दुकान का निर्माण कर लिया गया है। इससे मुदलियार कालोनी जाने वाला रास्ता ब्लॉक हो गया है। वार्डवासियों को आवागमन में बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं, जिससे वार्डवासी परेशान हैं। इस दौरान शेख अनीश, अभिषेक जेम्स, शशांक राजपूत, दानिश खान, अमन बावंकर, बिट्टू यादव सहित वार्ड क्रमांक-7 के वार्डवासी उपस्थित थे।

## वीरेंद्र सोनी बने महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष मनोनीत



डोंगरगढ़(दावा)। भाजपा पिछड़ा वर्ग के पूर्व अध्यक्ष व युवा व्यवसाई वीरेंद्र सोनी (मारुति) को महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज का अध्यक्ष सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। इसी प्रकार महिला संगठन का गठन कर श्रीमती नीलिमा ढोमने को महिला संगठन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया अध्यक्ष द्वय श्री सोनी व श्रीमती ढोमने द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों की सहमति से अपनी कार्यकारणी की घोषणा की।

नवनियुक्त पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष नरेश बहेकर, कोषाध्यक्ष,सुरेश बहेकर, सचिव मुकेश हाड़गे, सह सचिव नितिन बहेकर अधिवक्ता (विधि सलाहकार) एवं कार्यकारिणी सदस्य में अशोक काड़बाधे, कुंवरलाल कारेमोरे, प्रणय तांबेकर, इंद्रकुमार काड़बांधे, दीपक सोनी एवं मनोज हाड़गे एवं राहूल सोनी, धनेन्द्र बहेकर शामिल है। सरंक्षण श्रेणी में शरद सेरेकर, सुदर्शन मस्के, वेंकटराव बहेकर, रमेश बहेकर, नितिन ढ़ोमने, महेश सोनी को शामिल किया गया।

**○ श्रीमती ढ़ोमने के नेतृत्व में महिला संगठन का गठन**
**○ संरक्षक श्रेणी के साथ पदाधिकारी का चयन**

नीलिमा के नेतृत्व में महिला संगठन का गठन - 02 मार्च दिन शनिवार को इंदिरा नगर डोंगरगढ़ में महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की बैठक आहूत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के अनुसार महाराष्ट्रीय स्वर्णकार समाज द्वारा महिला संगठन का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद का दायित्व श्रीमती नीलिमा ढ़ोमने को दिया गया। अध्यक्ष श्रीमती ढोमने द्वारा वरिष्ठजनों की सहमति से अपने कार्यकरनी की घोषणा की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष ममता बहेकर, रीता हाड़गे, कोषाध्यक्ष नीलिमा मस्के, सचिव चन्द्रकांता बहेकर, सह सचिव रक्षा तांबेकर, किरण कारेमोरे, एवं महिला कार्यकारिणी सदस्यों में सुषमा ढोमने, मीना बहेकर, संगीता काड़बांधे, अनिता काड़बांधे, अनुजा बहेकर, सरिता काड़बांधे, अनुसूईया बहेकर,कविता मस्के, भूमि मस्के, माधुरी मस्के, सुनीता मस्के, सुजाता मस्के,आशा मस्के, कु. पूजा बहेकर, तुषार ढोमणे, अनामिका बहेकर कु. अदिति ढ़ोमने एवं कुमारी पल्लवी बहेकर, कुमारी प्रेरणा बहेकर, स्वेता काड़बांधे, कार्तिक काड़बांधे,विवेक काड़बांधे, कुमारी डिम्पल कांडबांधे शामिल है। महिला संगठन की संरक्षक सदस्यों में श्रीमती यशोदा कारेमोरे, संध्या बहेकर, शोभा मस्के, श्रीमती सुनंदा हाड़गे, उर्मिला बहेकर एवं सीमा शेरेकर को शामिल किया गया। इस अवसर पर सामाजिक लोगों ने वीरेंद्र सोनी (मारोति) एवम नव नियुक्त महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती ढोमने को बधाई व शुभकामनाएं दी। नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा सामाजिकगनों का आभार व्यक्त करते हुए समस्त महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के उत्थान हेतु कार्य करने का संकल्प लिया गया।

## प्राचार्य ने किया अपने जन्मदिन पर समाज को पुस्तकालय भेंट एवं शिक्षकों का सम्मान



छुरिया (दावा)। लालबहादुर नगर धनेश सिन्हा प्राचार्य स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल छुरिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबुद्धजनों के शिक्षा के सतत विकास हेतु अपने घर में स्थित पुस्तकालय को समाज सेवा हेतु निःशुल्क खोल दिया। अब कोई भी विद्यार्थी, शिक्षक, एवं आम जनता अपनी जरूरत के अनुसार यहां से पुस्तकों का आदान प्रदान कर सकते हैं। सनद रहे की धनेश सिन्हा प्रारंभ से ही नवाचारी शिक्षक रहे हैं। भीड़ से हटकर, लीक से हटकर काम करना इनकी आदतों में शुमार है। गत वर्ष उन्होंने शोध, अनुसंधान एवं प्रैक्टिकल कार्य हेतु मृत्यु उपरांत अपने शरीर को मेडिकल कॉलेज, भारत सरकार को दान कर दिया। इस वर्ष उन्होंने समाज को निःशुल्क पुस्तकालय का दान दिया। साथ ही साथ शिक्षा जगत में निःस्वार्थ भाव से अनवरत कार्य करनेवाले शिक्षकों का सम्मान भी किया। आकाश महिला एवं विद्यार्थी कल्याण संस्थान लालबहादुर नगर के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भूतपूर्व विधायक खेदूराम साहू, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे चंद्रिका प्रसाद डडसेना, विशिष्ठ अतिथि भरत वर्मा, भूतपूर्व सरपंच देवेन्द्र साहू, डोंगरगढ़ अंबेडकर शिक्षण समिति के अध्यक्ष किशोर परमार, भुनेश्वर साहू ने मिलकर पुस्तालय का उद्घाटन किया। संस्थान की ओर से संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा धनेश सिन्हा एवं सचिव श्रीमती पुष्पा मुकेश सिन्हा ने आए हुए अतिथियों का संस्थान में फूल माला एवम तिलक लगाकर स्वागत किया। घनश्याम वैष्णव ने अपने मधुर वाणी से आए हुए अतिथियों के सम्मान में अपना स्वागत भाषण दिया। धनेश सिन्हा बताया कि वर्तमान में इस पुस्तकालय में तीन हजार से भी अधिक पुस्तके हैं जिसका मूल्य लाखों में है। मुख्य अतिथि खेदुराम साहू ने कहा की पुस्तक ज्ञान प्राप्ति का साधन है जिसका अधिक से अधिक उपयोग कर हम अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं।

प्रखर वक्ता चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने अपने उद्बोधन में कहा की वर्तमान समय में लोगों का ध्यान शैक्षणिक कार्यों में अपेक्षाकृत कम हुआ है। ऐसी परिस्थितियों में यह पुस्तकालय क्षेत्र में ज्ञान पिपासुओं के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने धनेश सिन्हा द्वारा किए गए इस कार्यकी भूरी भूरी प्रशंसा किया अपनी वाकपटुता के लिए विख्यात चंद्रिका डडसेना ने अपने वक्तव्य के माध्यम से खूब तालियां बटोरी। डोंगरगढ़ से पधारे अंबेडकर शिक्षण संस्थान समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार परमार ने कहा की पुस्तकों का महत्व हर युग में रहा है और आगे भी रहेगा। हर जानकारी प्राप्त करने में गुगल का उपयोग नहीं किया जा सकता है। उन्होंने इस पुस्तकालय को दान स्वरूप दस पुस्तकालय का दान दिया। इसी तरह देवेन्द्र साहू, गांधी तनय टांडिया, श्रीमती दीपिका धुर्वे, भुनेश्वर साहू ने भी पुस्तके और राशि दान कर भविष्य में एक अच्छे पुस्तकालय की नीव रखने में मदद की। इस अवसर पर लोकतंत्र के चौथे आधार स्तंभ कहे जानेवाले पत्रकार पत्रकार बंधुओं के अध्यक्ष सोनकुमार सिन्हा, गोवर्धन सिन्हा, तिलक मंडावी ने भी अपने विचारों का आदान प्रदान किए। इस शिक्षक सम्मान एवं पुस्तकालय उद्घाटन के शुभ अवसर पर अनेक शिक्षाविद एवं आप जनता उपस्थित थे जिनमे कौशलराम चंद्रवंशी, हेमराज सहारे, श्रीमती त्रिनेत्रा साहू, खोरबाहरा राम साहू, रोमलाल चंद्राकर, नरोत्तम उर्वशा, दिनेश कुमार वाल्दे, ढालचंद यादव, जयप्रकाश सिन्हा, कु. सुरेखा वर्मा, श्रीमती संध्या मसकरे, श्रीगणेश राम सिन्हा, शालू ताम्रकार, कु. आस्था सिन्हा, कु.पूजा देवांगन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्थान का सचिव श्रीमती पुष्पा मुकेश सिन्हा ने किया। आभार प्रदर्शन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती पुष्पा धनेश सिन्हा ने किया।

## पारीकला स्कूल में न्योता भोज का सफल आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। निकटवर्ती ग्राम पारीकला स्कूल में न्योता भोज का सफल आयोजन किया गया। शिक्षकों एवं जनभागीदारी समिति सहित समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से पारी कला के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में आयोजित उक्त न्योता भोज में बड़ी संख्या में बच्चों शिक्षक शिक्षिकाएं व जनभागीदारी समिति के लोगों सहित ग्राम वासियों की उपस्थिति रही। ग्राम के शीतल प्रसाद साहू ने बताया कि इस दौरान बच्चों के लिए सुभाषित वाक्य शुभस्य शीघ्रम की बात कही गई। यानि कि शुभ कार्यों में देरी नहीं की जानी चाहिए। इसी बात को ध्यान में रखते हुए बच्चों में ड्राई फरूट एवं मौसमी फल व सुस्वादु भोजन खिलाकर न्योता भोज कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में ब्लाक शिक्षा अधिकारी वाय डी साहू, उप ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सर, भगत सर, समन्वयक देवांगन जी सरपंच मालती ज्ञानदास रामटेके ,उप सरपंच, रंजन दास साहू, जनभागीदारी अध्यक्ष योगेश दास , विष्णु साहू,व स्कूल स्टाफ के राजेश्वरी खन्ना, मीना साहू, स्वदेश साहु, विनिता जेम्स, स्वातिजैन, संगीता पराते, विभूति ठाकुर, चांदनी कंवर, एवं बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने बच्चों को ज्ञान वर्धक बातें बताई और उनका मनोबल बढ़ाया। स्कूल के बच्चों में इस दौरान काफी उत्साह व उल्लास देखा गया।

# चिंतामणि महाराज पर कांग्रेस ने फोड़ा सियासी बम, कहा बीजेपी बांटती है ईमानदारी का ताबीज




रायपुर। कांग्रेस की सालों तक सेवा करने वाले चिंतामणि महाराज को बीजेपी ने सरगुजा लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है. चिंतामणि महाराज को टिकट मिलने पर कांग्रेस का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है. सोमवार को कांग्रेस ने पार्टी ने बाकायदा एक प्रेस कांफ्रेंस कर चिंतामणि महाराज और बीजेपी को कोसा. कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब हमारे साथ थे तो उनके खिलाफ जांच चल रही थी. बीजेपी जाते ही जांच एजेंसियों के दस्तावेजों से उनका नाम गायब हो गया. कांग्रेस का दामन छोड़कर जो भी बीजेपी गए सबके दाग धुल गए. जिन नेताओं के खिलाफ पहले ईडी कार्रवाई कर रही होती है.

कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जिन लोगों के खिलाफ एसीबी की टीम जांच करते रहती है. बीजेपी में जब वो इंसान चला जाता है तो उसका नाम आरोपों से बाहर कर दिया जाता है. कोयला घोटाले में भी चिंतामणि महाराज का नाम शामिल था. बीजेपी में वो चले गए तब से उनका नाम आरोपियों की सूची से बाहर कर दिया गया. कांग्रेस की पूर्व की सरकार और उनके नेताओं को बदनाम करने के लिए जांच एजेंसियों की मदद बीजेपी ले रही है. कोल घोटाले से लेकर कई मामलों में जांच सालों से चल रही है. किसी भी तथाकथित घोटाले का कोई सबूत एजेंसियों को नहीं मिला.

### बीजेपी देती है ईमानदारी का ताबीज

राजीव भवन में हुई कांग्रेस की प्रेस कांफ्रेंस में बीजेपी की सरकार पर जमकर हमला बोला गया. सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी जी के पास एक ऐसी वाशिंग मशीन है जो सबकुछ साफ कर देती. भारतीय जनता पार्टी बीजेपी में आने वालों को कमल छाप ताबीज देती है जिसे पहनकर हर कोई ईमानदार हो जाता है.

उन्होंने कहा कि एक पत्र के आधार पर जब 35 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाता है तो फिर चिंतामणी महाराज का नाम एफआईआर से बाहर क्यों किया गया.

महाराज बीजेपी में जैसे ही गए उनके सारे गलत काम सफेद कामों में बदल गए. जितनी भी कार्रवाई उनके खिलाफ चल रही थी वो अचानक बंद हो गई. देश के कई ऐसे नेता है जिन पर पहले गंभीर आरोप थे लेकिन बीजेपी में जाते ही सारे आरोप एक दिन में खत्म हो गए.

### चिंतामणि महाराज से कांग्रेस ने पूछा सवाल

प्रेस कांफ्रेंस के जरिए कांग्रेस ने चिंतामणि महाराज से भी सवाल पूछा कि जो आरोप उनपर लगे थे वो एकाएक कैसे खत्म हो गए. कांग्रेस ने सीएम विष्णु देव साय से भी सवाल पूछा है कि किसके इशारे पर एसीबी ने चिंतामणि महाराज का नाम आरोपियों की लिस्ट से बाहर किया.

# पहला कॉलम...

## एयर इंडिया, इटली की आईटीए ने इजरायल के लिए उड़ानें फिर से की शुरू

यरुशलेम । एयर इंडिया और इटली की इटालिया ट्रैस्पोर्टो एरियो (आईटीए) ने इजरायल के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं है। एयर इंडिया ने अपने बयान में बताया कि एयर इंडिया ने दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और तेल अवीव के पास बेन गुरियन हवाई अड्डे के बीच मार्ग पर अपनी उड़ानें आंशिक रूप से फिर से शुरू कर दीं। इसके अलावा, इटालियन एयरलाइन ने रोम के फिमिसिनो हवाई अड्डे और तेल अवीव के बीच तीन साप्ताहिक उड़ानों के साथ इजरायल में अपना परिचालन फिर से शुरू किया।

आईटीए ने एक बयान में बताया कि इतालवी और इजरायली अधिकारियों के सहयोग से ही तेल अवीव तथा रोम के बीच उड़ानें फिर से शुरू कर सके।हाल ही में, तीन अन्य प्रमुख एयरलाइंस, ब्रिटिश एयरवेज, स्पेन की इबेरिया और डच एयरलाइन केएलएम ने एक अप्रैल को इजरायल के लिए अपनी उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा की है। गौरतलब है कि, पिछले साल अक्टूबर में इजरायल-हमास संघर्ष के फैलने के बाद उड़ानें निलंबित कर दी गयी थी।

## पंजाब में जीएसटी संग्रह 15.69 प्रतिशत बढ़ा

चंडीगढ़ ,04 मार्च । पंजाब ने 2022-23 की तुलना में मौजूदा वित्त वर्ष में फरवरी के अंत तक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 15.69 प्रतिशत और उत्पाद शुल्क संग्रह में 11.71 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। राज्य के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मार्च 2022 में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता संभालने के बाद से राज्य का वित्तीय ग्राफ सुधरा है। चालू वित्त वर्ष में फरवरी तक शुद्ध जीएसटी संग्रह 19,222.5 करोड़ रुपये है, जबकि 2022-23 में इसी अवधि में यह 16,615.52 करोड़ रुपये था। इस प्रकार इसमें 2,606.98 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

उन्होंने कहा कि उत्पाद शुल्क से प्राप्त राजस्व में भी 842.72 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है और यह 8,093.59 करोड़ रुपये पर पहुँच गया है, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 7,244.87 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा, बेहतर योजना और कार्यान्वयन के साथ, फरवरी के अंत तक राज्य का शुद्ध कर राजस्व 13.85 प्रतिशत बढ़कर 34,158 करोड़ रुपये के पार पहुँच गया है।

## भारत सरकार ने प्याज के निर्यात को दी मंजूरी

नई दिल्ली। आज वाणिज्य मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी किया है। इस नोटिफिकेशन के अनुसार सरकार ने नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश को 64,400 टन प्याज के निर्यात की अनुमति दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (छ्ववस्रञ्ज) ने अपने नोटिफिकेशन में कहा कि एनसीईएल के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात को त्रैमासिक 3,600 मीट्रिक टन की सीमा के साथ 14,400 टन प्याज का निर्यात किया गया है।

बता दें कि डीजीएफटी वाणिज्य मंत्रालय की एक शाखा है। यह आयात और निर्यात से संबंधित मानदंडों के लिए काम करता है।डीजीएफटी ने बांग्लादेश को निर्यात के लिए कहा कि निर्यात के तौर-तरीकों पर एनसीईएल द्वारा उपभोक्ता मामलों के विभाग के परामर्श से काम किया जाएगा।सरकार मित्र देशों को एक सीमित मात्रा में निर्यात की अनुमति देता है। जब मित्र देश अनुरोध करते हैं तब सरकार निर्यात की अनुमति देता है। इसके लिए सरकार एक मात्रा भी तय करती है।

## अबॉर्शन के अधिकार को संविधान में शामिल करेगा फ्रांस!

नई दिल्ली। फ्रांस गर्भपात के अधिकार को अपने संविधान में शामिल करने के लिए तैयार है। इसे लेकर सोमवार को फ्रांस के सांसद इस पर फैसला लेंगे। अगर इसे अनुमति मिल जाती है तो ऐसा करने वाला फ्रांस दुनिया का पहला देश बन जाएगा। इसके लिए संसद के दोनों सदनों की कांग्रेस को 3⁄5 के अनुपात से बहुमत की जरूरत होगी।

कांग्रेस से अनुमति मिल जाती है तो गर्भपात कराने का अधिकार अपने बेसिक कानून में शामिल करने वाला दुनिया का पहला देश बन जाएगा। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने पिछले साल इस अधिकार को संविधान का हिस्सा बनाने का वादा किया था। बता दें कि फ्रांस में साल 1975 से यह लीगल है।

साल 2022 में अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने करीब आधे दशक पुराने इस अधिकार को पलट दिया था और देशों को इस पर प्रतिबंध लगाने की अनुमति दी थी। इस फैसले के बाद ही मैक्रों ने यह कदम उठाने की बात कही थी। उल्लेखनीय है कि यहां की राष्ट्रीय असेंबली के निचले सदन ने जनवरी में गर्भपात की स्वतंत्रता की गारंटी को संविधान में शामिल करने को बहुमत से अनुमति दी थी।

# मियामी की जीत में मेसी और सुआरेज का डबल, मेजर लीग सॉकर में इंटर ने ओरलैंडो सिटी को 5-0 से रौंदा



लाउडरडेल (अमेरिका)। यह वह नजारा था जो कभी स्पेनिश क्लब बार्सिलोना के लिए देखने को मिलता था। लियोनल मेसी और लुई सुआरेज की जोड़ी ने जो कभी बार्सिलोना के लिए किया, वही पहली बार अपने नए अमेरिकी क्लब इंटर मियामी के लिए करके दिखाया। इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में ओरलैंडो सिटी पर 5-0 से जीत दर्ज की, जिसमें मेसी और सुआरेज ने दो-दो गोल किए। सुआरेज ने खेल के सात मिनट में ही दो गोल कर डाले और बाद में मेसी के एक गोल में उन्होंने सहायता भी की।

मेसी और सुआरेज की बदौलत इंटर मियामी ने अब तक की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। एमएलएस में मेसी ने एक मैच में पहली बार दो गोल किए। मेसी और सुआरेज के अलावा बार्सिलोना में उनके पूर्व साथी सर्गियो बस्कुए और जोर्डी एल्बा की मौजूदगी में मियामी की टीम बिल्कुल बदली हुई नजर आई। मेसी ने मैच के बाद कहा भी कि हम सभी जानते हैं कि सुआरेज कितने सक्षम हैं। चौथे और सातवें मिनट में सुआरेज के दोनों गोल में जूलियन ग्रेसेल ने सहायता की। इस जीत के साथ मियामी के तीन मैच में सात अंक (दो जीत, एक ड्रॉ) हो गए हैं। यह लीग के इतिहास में पहली बार है जब मियामी को पहले तीन मैच में कोई हार नहीं मिली है।

मेसी ने कहा कि पहले गोल ने मैच की पूरी दिशा बदल दी। सुआरेज ने राबर्ट टेलर की ओर से 29वें मिनट में किए गए तीसरे गोल में भूमिका निभाई। उन्होंने दाएं छोर से टेलर के लिए क्रास फेंका, जिसे उन्होंने 15 गज की दूरी से गोल में पहुंचा दिया। मेसी ने पहला गोल 57वें मिनट में किया। सुआरेज ने गोल पर निशाना साधा, लेकिन उनका शॉट क्रासबार से टकराकर अनमार्क्ड खड़े मेसी के पास आया, जिसे उन्होंने आसानी से गोल में डाल दिया। 62वें मिनट में मेसी ने एक और गोल किया। सुआरेज ने बाएं छोर से मेसी के लिए क्रास फेंका, जिस पर हेडर के जरिए उन्होंने गोल कर दिया।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पूर्व कोच के घर से पुलिस ने जब्त की एक करोड़ नगदी

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के पूर्व कोच तुषार अरोठे के घर से वड़ोदरा पुलिस ने एक करोड़ की नगदी जब्त की है। इसके साथ ही तुषार के दो परिचित लोगों से भी पुलिस ने 38 लाख रुपये की मोटी रकम बरामद की है। बता दें कि तुषार साल 2019 में मैच फिक्सिंग के आरोप में गिरफ्तार भी हो चुके हैं। तुषार फर्स्ट क्लास क्रिकेट में बड़ौदा टीम के कोच भी रह चुके हैं।

दरअसल, वड़ोदरा पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन टीम ने भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच रहे तुषार अरोठे के घर छापा मारा। इस दौरान पुलिस को तुषार के घर से एक करोड़ की नगदी बरामद हुई। सिर्फ इतना ही नहीं, बल्कि तुषार के दो करीबियों के घर से भी 38 साल रुपये जब्त किए गए हैं। पुलिस ने बताया है कि उन्हें जानकारी मिली थी कि तुषार के घर में काफी भारी मात्रा में कैश रखा हुआ है। इसके बाद पुलिस ने अरोठे के घर छापा मारा, जहां, उन्हें पैसों से भरा एक बैग बरामद हुआ। पुलिस का कहना है कि यह पैसे तुषार को उनके बेटे ने भेजे थे।

पूछताछ के दौरान पुलिस के अनुसार, पूर्व क्रिकेटर के बेटे ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। तुषार को अब कोर्ट में हाजिर होकर बताना होगा कि उनके पैसा इतना कैश कहां से आया।। हालांकि, पुलिस ने अभी तुषार और उनके बेटे को अरेस्ट नहीं किया है।

## अनुष्ठान में लगी आग, छह लोगों की मौत पर मंत्री जयशंकर ने जताया दुख

लुईस । मॉरिशस से एक दुखद खबर सामने आई है। यहां महाशिवरात्रि से पहले होने वाले एक धार्मिक अनुष्ठान के दौरान आग लग गई। इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई घायल हुए हैं। घटना पर विदेश मंत्री एय जयशंकर ने दुख जताया है।

मॉरिशस के पुलिस कमिश्नर अनिल कुमार दिप ने बताया कि श्रद्धालु शिवरात्रि से पहले तीन मार्च को ग्रैंड बेसिन झील तक पैदल यात्रा कर रहे थे। ये लोग लकड़ी और बांस से बनी एक गाड़ी पर देवताओं की मूर्तियां रखकर झील पर जा रहे थे। तभी गाड़ी खुले बिजली के तारों के संपर्क में आ गई और आग लग गई। पुलिस आयुक्त अनिल कुमार दीप ने कहा, दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और सात घायल हुए हैं। घायलों की हालत गंभीर है और उनका इलाज अभी चल रहा है। विदेश मंत्री एय जयशंकर ने सोमवार को हादसे में मारे गए पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। कहा, मैं मॉरीशस में महाशिवरात्रि से पहले होने वाले एक धार्मिक अनुष्ठान के दौरान आग लगने की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। इस हादसे में छह लोगों की जान गई है।

बता दें, तीर्थयात्री शिवरात्रि उत्सव से पहले ग्रैंड बेसिन झील तक पैदल यात्रा कर रहे थे, जिसे पूर्वी अफ्रीकी द्वीप राष्ट्र के हिंदू समुदाय द्वारा पवित्र माना जाता है। पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास में महाशिवरात्रि मनाई जाती है।

## रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में जीतीं निक्की हेली, डोनाल्ड ट्रंप को मात दे रच दिया यह इतिहास

नई दिल्ली। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार निक्की हेली ने डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया में रिपब्लिकन प्राइमरी के चुनाव में जीत हासिल की है. रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल कैंडिडेट से जुड़े साल 2024 के चुनावी कैंपेन में यह उनकी पहली बड़ी जीत है और इस दौरान उन्होंने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हराया है.



ब्रिटिश पब्लिक सर्विस ब्रॉडकास्टर बीबीसी के अमेरिकी पार्टनर सीबीएस की रिपोर्ट की मानें तो संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में यूएस की पूर्व राजदूत निक्की हेली को 62.9 फीसदी वोट हासिल हुए, जबकि डोनाल्ड ट्रंप को सिर्फ 33.2 फीसदी मतों से ही संतोष करना पड़ा. सबसे रोचक बात है कि अमेरिका के इतिहास में वह रिपब्लिकन प्राइमरी का चुनाव जीतकर ऐसा करने वाली पहली महिला बनी हैं.

निक्की हेली की इस जीत से डोनाल्ड ट्रंप को भले ही कोलंबिया में झटका लगा हो मगर अभी भी इस रेस में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति की दावेदारी मजबूत है. प्राइमरी चुनाव में अभी तक डोनाल्ड ट्रंप एकतरफा जीत हासिल करते हुए आए हैं, जबकि होम स्टेट (गृह राज्य) साउथ कैरोलीना में निक्की हेली को हार का सामना करना पड़ा था.

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

डिडौली (अमरोहा)। अमरोहा के डिडौली में ट्रक ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक मासूम की हालत गंभीर है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस आरोपी ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

डिडौली हाईवे पर तेज रफ्तार के साथ ओवरटेकिंग कर रहे ट्रक ने आगे चल रही बाइक को रौंद दिया। हादसे में बाइक चला रहे सोनू (25), उसकी पत्नी सुनैना (23) और सोनू के भाई विनय (23) की मौत हो गई। सोनू की तीन माह की बेटी गंभीर रूप से घायल है।

उसके दोनों पैर टूट गए हैं। ट्रक के अगले हिस्से में फंसी बाइक और तीनों शवों को चालक करीब एक किलोमीटर तक घसीट ले गया। बाद में ट्रक छोड़कर भाग गया। सोनू मुरादाबाद में मझोला क्षेत्र के मथाना गांव का रहने वाला था। फिलहाल पत्नी और भाई के साथ डिडौली में किराये के मकान में रहता था। सोनू कालखेड़ा गांव में अपने मामा मुनेश की साइकिल मरम्मत की दुकान पर काम करता था। विनय जिवाई क्षेत्र की एक फैक्टरी में काम करता था। रविवार रात सोनू पत्नी और भाई के साथ डिडौली के नूरी गांव जा रहा था, जहां रिश्ते की मौसी की शादी में शामिल होना था। दिल्ली हाईवे पर लैंडमार्क कॉलेज के सामने ट्रक ने बाइक को रौंद दिया।

## मूडीज ने भारत के मूडीज अनुमान में की बढ़ोतरी

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक और अच्छी खबर है. ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने 2024 कैलेंडर ईयर के लिए भारतीय के आर्थिक विकास दर के अनुमान को 6.1 फीसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी कर दिया है. मूडीज ने ये डेटा तब जारी किया है जब मौजूदा वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में घोषित जीडीपी के आंकड़े ने सभी अनुमानों को पीछे छोड़ दिया है. तीसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ रेट 8.4 फीसदी रहा है.



मूडीज इंवेस्टर्स सर्विस ने कहा, सरकार के कैपिटल एक्सपेंडिचर में बढ़ोतरी और मैन्युफैक्चरिंग एक्टिटी के चलते 2023 में ग्रोथ शानदार रहा है. वैश्विक संकट के कमजोर पड़ने के भारतीय अर्थव्यवस्था बेहद ही आराम से 6 से 7 फीसदी के दर से आर्थिक विकास कर सकता है. मूडीज ने अपने ग्लोबल मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि, भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2023 में उम्मीद से बेहतर विकास किया है जिसके बाद हमने 2024 के ग्रोथ अनुमान को 6.1 फईसदी से बढ़ाकर 6.8 फीसदी करने का फैसला किया है. 2025 में जीडीपी ग्रोथ रेट 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है. मूडीज ने अपने रिपोर्ट में कहा, सितंबर से दिसंबर तिमाही के ग्रोथ का जो शानदार आंकड़ा देखने को मिला है हाई-फ्रीक्वेंसी इंडीकेटर्स इस ओर इशारा कर रहे हैं कि जनवरी मार्च तिमाही के दौरान भी ये गति जारी रह सकती है. क्रेडिट ग्रोथ में दहाई आंकड़ा का उछाल इस ओर इशारा कर रहे कि शडरी खपत और मांग में जुझारूपन बना हुआ।

## पैट कमिंस को मिली SRH को चैंपियन बनाने की जिम्मेदारी

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 की शुरुआत से पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने टीम का कप्तान बदल दिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस को एसआरएच ने टीम की कमान सौंपी है। यह पिछले तीन सीजन में तीसरी बार रहा जब सनराइजर्स हैदराबाद ने कप्तान में बदलाव किया। वनडे विश्व कप विजेता कप्तान ने आईपीएल 2024 के लिए एडन मार्करम को रिप्लेस किया, जिन्होंने पिछले सीजन में हैदराबाद की टीम की कप्तानी की थी। दरअसल, दो बार के टी20 विजेता कप्तान एडन मार्करम आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करते हुए नजर नहीं आएंगे। सनराइजर्स हैदराबाद की फ्रेंचाइजी ने हाल ही में अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक जानकारी देते हुए बताया कि पैट कमिंस आईपीएल 2024 के लिए SRH का नया कप्तान बन गए। हैं।

## ध्रुव जुरेल की तुलना धोनी से करने पर भड़के गांगुली

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच रांची में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में भारतीय टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने पहली और दूसरी पारी में कमाल की बल्लेबाजी की थी। ध्रुव जुरेल की बेहतरीन पारी के बाद कई दिग्गज खिलाड़ियों ने जुरेल की तुलना पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से करनी शुरू कर दी थी। अब इसपर भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने बयान दिया है।



बता दें कि ध्रुव जुरेल रांची टेस्ट के नायक के रूप में निकले थे। पहली पारी में 90 रन की पारी के बाद दूसरी पारी में विकेटकीपिंग करते हुए बेन डकेट को रन आउट किया था। जुरेल ने दोनों डिपार्टमेंट कमाल का प्रदर्शन किया था और भारत को जीत दिलाई थी।

भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने ध्रुव जुरेल को लेकर कहा कि वह एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उन्होंने रांची टेस्ट में मुश्किल परिस्थितियों में आकर कमाल की बल्लेबाजी की थी। जुरेल तेज और स्पिन गेंदबाजी को सही तकनीक से खेलते हैं, आप हर खिलाड़ी में यह तलाशते हैं। गांगुली ने ध्रुव जुरेल और धोनी की तुलना पर कहा कि महेंद्र सिंह धोनी एक अलग लीग के खिलाडी हैं। उन्होंने आगे कहा कि धोनी को धोनी बनने में 15 साल का सफर तय करना पड़ा था। हालांकि ध्रुव जुरेल में काफी प्रतिभा हैं इसमें कोई संदेह नहीं है।

ध्रुव जुरेल को राजकोट टेस्ट में भारत की तरफ से टेस्ट डेब्यू करने का मौका मिला था। वह भारत के 312वें टेस्ट खिलाड़ी बने थे। उन्होंने राजकोट टेस्ट की पहली पारी में 46 रन बनाए थे। उसके बाद रांची टेस्ट में ध्रुव जुरेल ने अपनी बल्लेबाजी से सबको काफी प्रभावित किया था। रांची टेस्ट की पहली पारी में जुरेल नंबर 7 पर बल्लेबाजी करने आए थे। उस समय भारत काफी मुश्किल स्थिति में नजर आ रहा था। तब उन्होंने कुलदीप यादव के साथ अच्छी साझेदारी की थी।

ध्रुव जुरेल ने पहली पारी में 90 रन बनाए थे और भारत को 307 तक पहुंचाया था। उनके बाद दूसरी पारी में उन्होंने 77 गेंदों पर 39 रन की पारी खेली थी। ध्रुव जुरेल को उनकी दमदार परफॉर्मेंस के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था।

रांची टेस्ट फतेह करने के बाद टीम इंडिया का अगला मिशन धर्मशाला टेस्ट जीतकर सीरीज 4-1 से जीतना होगा। भारत की तरफ से अभी तक युवा खिलाड़ियों ने मोर्चा संभालते हुए जीत दिलाई है। अब एक बार फिर धर्मशाला में भी भारत के युवा खिलाड़ियों पर जिम्मेदारी होगी कि वह भारत को एक बार फिर इंग्लैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दिलाए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

***कैसे हुई भाजपा से इतनी बड़ी चूक....***

भारतीय जनता पार्टी की ओर से टिकट वितरण के महज दो दिनों के भीतर दो नेताओं की टिकट वापसी से सियासी गलियारों में हलचल मच गई है। राजनीतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार संतोष भारतीय कहते हैं कि भाजपा ने अति उत्साह में टिकट वितरण किया है। यही वजह है कि टिकट देने के बाद प्रत्याशियों की पोल खुल रही है और उनके टिकट वापस हो रहे हैं। वह कहते हैं कि भाजपा तो दावा करती है कि टिकट वितरण से पहले हर स्तर पर प्रत्याशी चयन में छानबीन होती है। बूथ स्तर तक पर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया जाता है, तो क्या इन मामलों में ऐसा नहीं हुआ था। वह कहते हैं कि पवन सिंह और उपेंद्र रावत जैसे उत्तर प्रदेश में ही ऐसे 12 से 15 सांसदों को दोबारा टिकट दिया गया है, जिनसे न सिर्फ लोग नाराज हैं, बल्कि उनकी जमीनी हकीकत का आंकलन तक नहीं किया गया। संतोष भारतीय कहते हैं कि अब अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर ही वोट दिए जाने हैं, तो अलग बात है लेकिन यह सच है कि ऐसे टिकटों को लेकर क्षेत्र में लोगों की नाराजगी है। अगर यह नाराजगी वोटों में तब्दील हुई और गठबंधन ने मजबूती दिखाई, तो परिणाम भी बदल सकते हैं।

***लोकसभा चुनाव में फैलाई अफवाह तो.....***

चेतावनी दी गई है कि पूरा चुनाव निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं, अगर कोई गड़बड़ी होती है तो डीएम-एसपी ही जिम्मेदार होंगे। ईवीएम का मूवमेंट सरकारी वाहनों पर ही होगा। बूथ की निगरानी सेंट्रल फोर्स करेंगे। पोस्टल बैलेट की गिनती पहले कराई जाएगी, जितने कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगाए जाएंगे वह पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे। वहीं, फर्जी खबर के खिलाफ भी निगरानी रखी जाएगी और सख्त कार्रवाई की जाएगी। अफवाह फैलाने वाले पर आईटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी, यह देश का ब?ा चुनाव है। इसको निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ कराना हमारी सबसे ब?ी जिम्मेदारी है। हम बिना हिंसा और निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने के लिए संकल्पित हैं। भारी मात्रा में वोटर्स घर से निकलें, यह हमारी मीडिया और वोटर्स से अपील है।

सोशल मीडिया की होगी निगरानी-

चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने ईवीएम के मूवमेंट के बारे में कहा कि प्रत्येक ईवीएम के नंबर आदि के साथ सारी सूचना राजनीतिक दलों के पास होती है। कौन सी ईवीएम बूथ पर रहेगी और कौन सी रिजर्व पर रहेगी, ऐसी सभी जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के पास होती है। चुनाव और बाद में मतगणना में प्रतिनिधि द्वारा मिलान के बाद ही मतगणना शुरू होती है। यह राजनीतिक दलों को अधिकार है और इसी आधार पर काम होता है। बीएलओ के स्तर पर फील्ड विजिट के बिना नाम हटाए या जोड़े जाने की प्रक्रिया होती है। सोशल मीडिया पर गम्भीरता से निगरानी की जाएगी, अफवाह फैलाने पर कार्रवाई की जाएगी।

## आरसीबी के खिलाफ जीत दर्ज करने में यूपी नाकाम, मंधाना शतक से चूकी, अंक तालिका में बदलाव



बेंगलुरू। महिला प्रीमियर लीग के 11वें मुकाबले में यूपी वॉरियर्स को आरसीबी के हाथों करारी शिकस्त मिली। मंधाना की टीम ने यूपी को 23 रन से हराकर अंक तालिका में बड़ा बदलाव किया। यूपी ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। मंधाना और पैरी की अर्धशतकीय पारी के दम पर टीम ने 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 198 रन बनाए। इसके जवाब में यूपी वॉरियर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 175 रन बना सकी।

### हेली के अलावा नहीं चला किसी का बल्ला

आरसीबी के खिलाफ यूपी की कप्तान एलिसा हेली के अलावा कोई भी बल्लेबाज कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाया। उन्होंने 38 गेंदों में सात चौके और तीन छक्के की मदद से 55 रन बनाए। पहले विकेट के लिए किरण नवगिरे के साथ हेली की 26 गेंदों में 47 रन की साझेदारी हुई। तीसरे नंबर पर बल्लेबाज के लिए आईं चमारी अटापट्टू सिर्फ आठ रन बना सकीं। हैरिस ने पांच और सहरावत ने एक रन बनाया। आरसीबी के खिलाफ दीप्ति शर्मा और पूनम खेमनार के बीच छठे विकेट के लिए 31 गेंदों में 41 रन की साझेदारी हुई। दीप्ति ने 22 गेंदों में 33 रन और पूनम ने 24 गेंदों में 31 रन बनाए। सोफी एक्लेस्टोन चार बना सकीं। वहीं, अंजलि सरवानी तीन रन बनाकर नाबाद रहीं। आरसीबी के लिए सोफी डिवाइन, सोफी मोलिनेक्स, जॉर्जिया वेयरहैम और आशा शोभना ने दो-दो विकेट चटकाए।

### मंधाना और पैरी ने जड़ा अर्धशतक

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने यूपी के खिलाफ 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 198 रन बनाए। इस मुकाबले में सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरीं एस मेघना और स्मृति मंधाना ने टीम को दमदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लि 51 रन की साझेदारी हुई। आंध्र प्रदेश की बल्लेबाज ने 21 गेंदों में 28 रन बनाए। उन्हें अंजलि सरवानी ने चमारी अटापट्टू के हाथों कैच आउट कराया। वहीं, तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आईं एलिस पैरी भी पीछे नहीं रहीं। उन्होंने ऑरेंज कैप होल्डर मंधाना के साथ दूसरे विकेट के लिए 95 रन की विशाल साझेदारी हुई। मंधाना 50 गेंदों में 80 रन बनाकर आउट हुईं। यूपी के खिलाफ ऋचा घोष 10 गेंदों में 21 रन और सोफी डिवाइन दो गेंदों में दो रन बनाकर नाबाद रहीं। यूपी के लिए अंजिल, दीप्ति और सोफी एक्लेस्टोन को एक-एक सफलता मिली।

### अंक तालिका का हाल

आरसीबी ने जीत के साथ अंक तालिका में तीसरा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, यूपी अब चौथे नंबर पर पहुंच गई है। दोनों का नेट रनरेट क्रमशः 0.242 और -0.073 है। पहले नंबर पर छह अंकों के साथ दिल्ली कैपिटल्स बनी है। वहीं, दूसरे नंबर पर गत विजेता मुंबई इंडियंस इतने ही अंकों के साथ है। गुजरात जाएंट्स को अब तक खेले चार मैचों में एक भी जीत नहीं मिली। ऐसे में टीम पांचवें नंबर है।

## संजू सैमसन ने फिर जीता फैंस का दिल, दिव्यांग बच्चे का यह सपना पूरा किया

नई दिल्ली। संजू सैमसन भले ही क्रिकेट एक्शन से पिछले काफी समय से दूर हों, लेकिन वह खबरों से दूर नहीं रहते। उनकी फैन फॉलोइंग दुनिया भर में जबरदस्त है और सोशल मीडिया पर भी वह ट्रेंड करते हैं। अब उन्होंने एक ऐसा काम किया है जिसने फैंस का दिल फिर से जीत लिया है। सैमसन ने केरल लौटने पर एक दिव्यांग बच्चे से किया वादा निभाया। सैमसन ने किसी भारतीय क्रिकेटर से मिलने के लड़के के सपने को पूरा करने की गारंटी दी थी। सैमसन उस बच्चे से न केवल मिले बल्कि उसके साथ क्रिकेट खेलने का लुत्फ भी उठाया। सैमसन की बल्लेबाजी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद देश के कई हिस्सों से संजू को तारीफ और शुभकामनाएं मिलीं हैं। सैमसन आईपीएल 2024 से पहले राजस्थान रॉयल्स के कैंप में शामिल हो गए हैं। राजस्थान की टीम 24 मार्च को लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। सैमसन ने पिछले महीने से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। उससे पहले वह रणजी ट्रॉफी में केरल के लिए खेल रहे थे। उन्होंने केरल के नॉकआउट राउंड से बाहर होने से पहले पांच पारियों में एक अर्धशतक लगाया था। इससे पहले, सैमसन ने अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टी20 में खाता नहीं खोला था। हालांकि, दिसंबर में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में 108 रन की पारी खेली जिसे भारत ने 78 रन से जीता था।

# अद्भूत सिद्ध शिवलिंग का दर्शन करने श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

○ गुरु महाराज प्रभुदेव परमहंस के सानिध्य मे नौ दिवसीय रूद महायज्ञ का आयोजन

○ महाराष्ट्र, एमपी, उडीसा, तेलगांना व छत्तीसगढ के दूरदराज से पहुंच रहे भक्त

राजनांदगांव(दावा)। राजनांदगांव शहर से लगभग दस किलोमीटर पर ग्राम गठुला, भेड़ी के निकट ग्राम भांठागांव में विशेष चत्मकारिक सिद्ध शिवलिंग का दर्शन करने छत्तीसगढ़ सहित पडोसी राज्यों मध्यप्रदेश, उडीसा, महाराष्ट्र, तेलगांना से भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। भगवान भोलेनाथ स्वयं इस गांव के एक खेत में जमीन फोड़ कर शिवलिंग के रुप में प्रकट हुए हैं। जबसे इसकी प्रसिद्धि राज्यों मे पहुंच रही है। तबसे लोगो की भारी भीड उमड़ रही है।

ग्राम भाठागांव के सबसे अंतिम छोर पर बसे इस छोटे से मंदिर में सावन माह में प्रति सोमवार यहाँ मेले जैसे वातावरण बना रहता है। आज भी रोजाना भगवान भोलेनाथ का दर्शन करने सैकड़ों की संख्या में यहां श्रद्धालुजन पहुंचकर श्रद्धाभक्ति की बयार मे लीन हो रहे है। यहां आने वाले लोग भगवान शिव-शंकर का पंचाक्षरी मंत्र का जाप कर चमत्कारिक शिवलिंग को रोज पूजा-उपासना करते हैं। गांव वालो के अनुसार शिवलिंग का आकार एवं रंग भी बदलते जा रहा है। पहले प्रकटावस्था में सावन माह में रोज हो रही पूजा-उपासना में शिवलिंग प्रकट स्थल में रंग भूरा था। सावन लगते ही इसका रंग काला एवं चमकदार हो गया। इसकी मोटाई एवं ऊँचाई भी बढ़ती जा रही है। इस



चमत्कारिक शिवलिंग से संबंधित कहानियाँ किस्से लोगों के मुंह से सुने जा सकते हैं।

हिमालय व काशी के संतों ने बालक विजेन्द की भक्ति और ज्ञान को समझकर व भगवान महाकाल के प्रति असीम भक्ति देखकर उनका नामकरण गुरु प्रभुदेव परमहंस रखा है।इसकी जानकारी देते हुए भाटागांव, सोमनी, बघेरा नवागांव के गांव वाले बताते है कि जिस आदिदेव महाकाल भगवान को पाने भाटागांव का एक युवक बाल्यावस्था में मथुरा, काशी, बनारस, पुरी, द्वारिका, हरिद्वार, अयोध्या आदि धर्म स्थानों में भटक रहा था। स्वामी अच्युतानंद प्रसाद व स्वामी परमानंद, स्वामी कालीनाथ आदि संत महात्माओं की संगत कर रहा था । उसे भगवान भोलेनाथ ने जाग्रत अवस्था में दर्शन देकर बता दिया कि मैं तो तेरे खेत में पड़ा हूं। बाबा गोसाई के खेत में दबा पड़ा हूं, उसे तू जल सिंचन कर निकाल... मैं साक्षात शिविलिंग में प्रकट हो जाउंगा। ग्राम भाठागांव में ऐसा हुआ और सैकड़ों ग्रामवासियों के साथ वीतरागी युवक विजेन्द्र द्वारा अपने दादा गोसाई बाबा के खेत में पूजा- पाठ जल सिंचन करने के बाद भगवान भोलेनाथ चमत्कार रूप से शिवलिंग में प्रकट हो गये, जिसे देखने लोगों को भारी भीड़ पड़ी।

# विश्व श्रवण दिवस पखवाड़ा 3 से 10 मार्च तक



राजनांदगांव (दावा)। सीआरसी राजनांदगांव एवं एनपीपीसीडी कार्यक्रम जिला चिकित्सालय राजनांदगांव द्वारा विश्व श्रवण दिवस पखवाड़ा के तहत 3 से 10 मार्च 2024 तक जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में आकलन शिविर व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़ा के तहत जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जागरूकता रैली में श्रवण बाधित, सुनने में होने वाली समस्या की रोकथाम एवं निदान के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। जरूरतमंदों को एडिप व एलिम्को योजना तहत निश्शुल्क कान का मशीन व श्रवण यंत्र एवं मानसिक दिव्यांग विद्यार्थियों को निश्शुल्क टीएलएम किट का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़, सीएस डॉ. यूएस चन्द्रवंशी, एमएस ईएनटी नोडल ऑफिसर एनपीपीसीडी प्रोग्राम डॉ. बीएल तुलावी, निदेशक सीआरसी राजनांदगांव श्रीमती स्मिता महोबिया, तृषा सिन्हा, श्रीमती लक्ष्मी साहू , श्री थॉमेश, श्री आशीष परासर, गजेंद्र कुमार साहू , श्रीमती पूनम, मेघा दूबे , निधि राजन , श्री स्नेहा शर्मा, चुनमुन मोहंती, श्रीमती श्वेता, श्रीमती भावना पाली, श्री पुनीत साहू, श्री नीरज, भूमिका, श्री विक्रम एलिम्को, श्री गजेन्द्र कुमार साहू सहित अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, पालक एवं विशेष आवासीय आस्था स्कूल के विद्यार्थी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# खैरागढ़ विश्वविद्यालय में योग प्रदर्शनी, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण नवाचार



0 विकसित भारत अभियान के तहत लगाई गई प्रदर्शनी

0 विद्यार्थियों के साथ आमजन ने भी उठाया लाभ

खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में विकसित भारत अभियान के तहत योग प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। विश्वविद्यालय के योग केन्द्र के प्रभारी और इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अजय पांडेय ने बताया कि कुलपति पद्मश्री डॉ.ममता (मोक्षदा) चंद्राकर के संरक्षण और मार्गदर्शन तथा कुलसचिव प्रो.डॉ. नीता गहरवार के निर्देशन में संपन्न इस योग प्रदर्शनी का आम जनमानस को भी लाभ मिला। विकसित भारत अभियान के अंतर्गत योग के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में यह महत्वपूर्ण नवाचार है। डॉ.पांडेय ने बताया कि योग की कक्षाओं के प्रोजेक्ट और आंतरिक मुल्यांकन की दृष्टि से भी यह योग-प्रदर्शनी महत्वपूर्ण रही, क्योंकि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों में शोध की प्रवृत्ति विकसित होती है। कार्यक्रम में अधिष्ठातागण प्रो. डॉ.नमन दत्त, प्रो. डॉ. राजन यादव, डॉ.योगेंद्र चौबे, सहायक कुलसचिव राजेश गुप्ता, डॉ. आशुतोष चौरे, प्रखर शरण सिंह, पीआरओ विनोद डोंगरे समेत विश्वविद्यालय परिवार शामिल हुआ। विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय भ्रमण करने वाले आगंतुक भी योग प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे।

# शिक्षक दिनेश कुरेटी ने कराया न्योता भोज



न्योता भोज में सामिल हुए बच्चे, शिक्षक, सीएसी व सरपंच

कल्लूबंजारी (दावा)। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रत्येक जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन कराने के लिए सदैव अग्रणी भूमिका निभाने हेतु तत्पर रहने वाले शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के नवाचारी उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने अपने शाला के समस्त बच्चों को न्योता भोज कराकर स्कूल शिक्षा विभाग के मंशानुरूप शासकीय योजना में सहभागिता प्रदान किया। मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के मंशानुरूप शासकीय शालाओं में अध्ययनरत बच्चों के शारीरिक दुर्बलता एवं कुपोषण को दूर करने के लिए न्योता भोज का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के रचनात्मक कार्य करने वाले उच्च वर्ग शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने अपनी पत्नी श्रीमती आशा कुरेटी के जन्मदिन पर अपने शाला के समस्त बच्चों को आंशिक न्योता भोज के तहत गत 2 मार्च को खीर-पुड़ी एवं अन्य भोज्य खिलाकर शाला के अन्य शिक्षकों एवं नागरिकों को न्योता भोज कराने का संदेश दिया। न्योता भोज में शामिल सरपंच डोमेन कुमार पटेल एवं संकुल समन्यक मूलचंद मंडावी ने इस पूणित कार्य के लिए शिक्षक श्री कुरेटी को बधाई दी। न्योता भोज में शाला के 124 बच्चे, सरपंच डोमेन कुमार पटेल, संकुल समन्यक मूलचंद मंडावी, पॉक्सो निगरानी समिति के अध्यक्ष भवन सिंह ठाकुर, शाला के प्रधानपाठक यु.एस. मंडावी, शिक्षक गण तिलक राम बढ़ई, एस.आर.कार्ते, आर.के.साहू, सी.एल.भूआर्य, जे.एन.नेताम, रसोईया गण चित्रा कोर्राम, चैती साहू, नरबदिया पटेल एवं सफाई कर्मचारी गजेन्द्र कोहकट्टा सामिल हुए।

# दिग्विजय महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा पर राष्ट्रीय संगोष्ठी 7 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के संस्कृत विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.के.एल.टांडेकर के निर्देशन में 7 मार्च को भारतीय ज्ञान परम्परायां विकसित भारतस्य परिकल्पना विषय पर एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। शोध संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन से आए कुलपति आचार्य विजय कुमार सी.जी., तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर, मध्यप्रदेश से आए डॉ.नौनिहाल गौतम एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, वर्धा महाराष्ट्र से आए डॉ.जगदीश तिवारी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शोध संगोष्ठी में न केवल शोध संगोष्ठी के मूल विषय एवं उपविषयों पर विचार मंथन होगा अपितु संपूर्ण भारत से आए हुए प्रतिभागियों के द्वारा उनके शोध पत्रों का वाचन भी किया जावेगा।

# विश्व श्रवण दिवस पर जिला अस्तपताल बसंतपुर राजनांदगांव में हुआ जागरुकता रैली कार्यक्रम



राजनांदगांव (दावा)। दिव्यॉंगजन कौशल विकास, पुनर्वास और सशक्तिकरण समेकित क्षेत्रीय केंद्र, राजनांदगांव (सीआरसी-राजनांदगांव) की स्थापना दिव्यॉंगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित हैं। यह राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यॉंगजनों के सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीआईडी), सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहा है। दिव्यॉंगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण समेकित क्षेत्र केंद्र राजनांदगांव एवं एन.पी.पी.सी.डी.प्रोग्राम जिला अस्तपताल बसंतपुर राजनांदगाँव के सहयोग से विश्व श्रवण दिवस पखवाड़ा दिनांक 03-10 मार्च 2024 तक सभी दिव्यॉंग, सभी विकासखंडों के दुस्थ क्षेत्र में आकलन शिविर / जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं ।दिनाँक 04/03/2024 दिन सोमवार 'विश्व श्रवण दिवस' पखवाड़ा का शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन रखा गया हैं जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर ए .के. बसोड़ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला राजनांदगांव, डॉक्टर यू.एस.चन्द्रवंशी सी.एस.जिला अस्तपताल बसंतपुर राजनांदगांव, डॉक्टर बी.एल. तुलावी एम.एस. ईएनटी नोडल ऑफिसर एनपीपीसीडी प्रोग्राम, श्रीमति स्मिता महोबिया निदेशक सीआरसी राजनांदगांव के द्वारा जागरूकता रैली के लिए हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।इस जागरूकता रैली में श्रवण बाधित, सुनने में होने वाली समस्या की रोकथाम एवं निदान के बारे में जागरूक किया गया। रैली पश्चात सी डी.ई.आई.सी. यूनिट कक्ष क्रमांक 59 बसंतपुर जिला अस्तपताल राजनांदगांव में चित्रकला प्रतियोगिता में आस्था स्कूल के 10 श्रवण बाधित विद्यार्थी, हस्ताक्षर अभियान में सभी सीआरसी, एनपीपीसीडी स्टाफ, विद्यार्थी एवं पालकगण शामिल हुए, श्रवण दिवस विषयवस्तु पर श्रवण बाधित विद्यार्थियों के द्वारा केक काटा गया, एवं 10 लोगों को जिनको सुनने में समस्या हैं उनको एडिप/एलिम्को योजना के अंतर्गत निःशुल्क कान का मशीन/श्रवण यंत्र एवं 05 मानसिक दिव्यॉंग विद्यार्थियों को निःशुल्क टीएलएम किट वितरण मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया इस कार्यक्रम में तृषा सिन्हा, श्रीमति लक्ष्मी साहू, थॉमेश, जिला अस्तपताल राजनांदगांव एवं आशीष परासर, गजेंद्र कुमार साहू, मति पूनम, मेघा दूबे, निधि राजन, स्नेहा शर्मा, चुनमुन मोहंती, श्रीमति स्वेता, श्रीमति भावना पाली, पुनीत साहू, नीरज, भूमिका सीआरसी स्टाफ, विक्रम एलिम्को एवं विद्यार्थी, पालकगण एवं विशेष आवासीय आस्था स्कूल राजनांदगांव के स्टाफ़/स्टूडेंट्स 136 प्रतिभागी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का समापन समन्वयक गजेन्द्र कुमार साहू के द्वारा किया गया।

# खुर्शीपार में पल्स पोलियो पिलाया गया



डोंगरगढ़ (दावा)। खुर्शीपार में बच्चो को पल्स पोलियों पिलाई गई पल्स पोलियो अभियान में आंगन बाड़ी केन्द्रो में शुन्य से पांच वर्ष के बच्चो को पिलाई गई। मुख्य रूप से सरपंच पारस कुमार वर्मा, मितानिन बिमला वर्मा, कामीन वर्मा, गोविंद वर्मा, खेमिन वर्मा आदि सरपंच के द्वारा बच्चे को पोलियो पिलाकर इस अभियान का शुरुवात किया गया।

# लोकसभा निर्वाचन हेतु वीडियो निगरानी टीम का किया गया गठन

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु विधानसभावार वीडियो निगरानी टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक वीडियो निगरानी दल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक अभ्यर्थी के व्यय से संबंधित सभी वाहनों, घटनाओं, पोस्टरों, कट-आउट, राजनैतिक सभा, रैली की वीडियो सूटिंग करेगी। प्रत्येक वीडियो निगरानी दल लोकसभा निर्वाचन के दौरान प्रत्येक दिन अनुलग्नक-ख 15 के साथ में दिए गये प्रोफार्मा में एक संकेत पत्र (क्यू शीट) रिकार्ड की गई सीडी के साथ वीडियो अवलोकन टीम को भेजना सुनिश्चित करेंगे। प्रत्येक दल के साथ एक वीडियोग्राफर साथ रहेंगे।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 74-डोंगरगढ़ अंतर्गत दल क्रमांक 1 में सहायक विकास विस्तार अधिकारी संलग्न जनपद पंचायत डोंगरगढ़ धनेश्वर साहू एवं दल क्रमांक 2 में सहायक विस्तार अधिकारी संलग्न जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अजय बनसोड तथा रिजर्व में उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जनपद पंचायत डोंगरगढ़ ऋषभ सुलाभे की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत दल क्रमांक 1 में विकास विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत राजनांदगांव श्री मनीष कुमार एवं दल क्रमांक 2 में कृषि विकास अधिकारी सहायक भूमि संरक्षक राजनांदगांव हरिलाल एमेश्वरी तथा रिजर्व में वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक राजनांदगांव कृष्ण कुमार चंद्रवंशी की ड्यूटी लगाई गई है। विधानसभा क्षेत्र 76-डोंगरगांव अंतर्गत दल क्रमांक 1 में सहायक विस्तार अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव देवेन्द्र कुमार एवं दल क्रमांक 2 में विकासखंड समन्वयक जनपद पंचायत डोंगरगांव विजय कुमार तथा रिजर्व में उप अभियंता जनपद पंचायत डोंगरगांव सकील खान की ड्यूटी लगाई गई है।

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77-खुज्जी अंतर्गत दल क्रमांक 1 में सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया हीरालाल चंद्रवंशी एवं दल क्रमांक 2 में सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया घनश्याम सिंह तथा रिजर्व में सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया दानेन्द्र सिंह ठाकुर की ड्यूटी लगाई गई है।

# बहुभाषा शिक्षण कार्यशाला, प्रशिक्षण भवन छुरिया में सम्पन्न





छुरिया (दावा)। विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय बहुभाषा शिक्षण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को प्रशिक्षण भवन छुरिया मे किया गया। साथ ही कुमर्दा जोन का प्राथमिक शाला कुमर्दा में सम्पन्न हुआ। इस शिक्षण कार्यशाला को दो जोन छुरिया एवं कुमर्दा में विभक्त किया गया। नगर पंचायत छुरिया स्थित प्रशिक्षण भवन में आयोजित इस कार्यशाला के मास्टर ट्रेनर्स रविकांत वर्मा, अविनाश मानिकपुरी, अचल कुमार वैष्णव थे। बहुभाषा शिक्षण कार्यशाला के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स ने बच्चों की स्थानीय भाषा में शिक्षा पर जोर देते हुए प्रशिक्षण को रूचिपूर्ण एवं सारगर्भित तरीके से सम्पन्न कराया।

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं शिक्षकों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराना है ताकि बच्चे बिना भय एवं तनाव के साथ अपने स्थानीय परिवेश की भाषा एवं बोली के साथ पढ़ाई में रूचि लेते हुए शिक्षा ग्रहण कर सके । बहुभाषा शिक्षण के द्वारा बच्चों को अपने परिवेश में बोली जाने वाली भाषा में शिक्षा प्राप्त करने मे सहजता एवं सरलता का बोध होता है जो निश्चित रूप से ही उनके सीखने की गति में वृद्धि करेगी । इस शिक्षण कार्यशाला में प्रत्येक प्राथमिक शालाओं से एक-एक शिक्षकों, संकुल समन्वयकों की सहभागिता रही। इस अवसर पर बीईओ प्रशांत चिर्वतकर एवं बीआरसी पी.डी. साहू सर ने प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि बहुभाषा शिक्षण कार्यशाला बच्चों के सीखने की दिशा में अभिनव प्रयास है। बहुभाषा शिक्षण के माध्यम से हमारा यह प्रयास है कि हम बच्चों को हिन्दी भाषा के साथ ही किस तरह से उनके स्थानीय परिवेश की भाषा का अपनी शाला में क्रियान्वयन कर उनको बिना भय एवं तनाव रहित आनंददायी एवं बेहतर शिक्षा प्रदान कर सके।

# कृषि पंप कनेक्शन के साथ कैपेसिटर लगाने की अपील

## पंप सघन क्षेत्रों की बिजली समस्या से निपटने के लिए किसानों से सहयोग की अपेक्षा



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा सभी विभागीय संभाग राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, मोहला, पंडरिया एवं कवर्धा के सभी कृषि पंप उपभोक्ताओं से अपने कनेक्शनों में पर्याप्त क्षमता अनुसार अनिवार्य रूप से कैपेसिटर लगाकर विद्युत विभाग को सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है। गर्मी के मौसम में धान, मक्का और चने की फसल में सिंचाई के लिये एक साथ कृषि पंप चलने से लोड बढ़ गया है। यह समस्या उन क्षेत्रों में गंभीर है जहां पंप कनेक्शनों का घनत्व ज्यादा है, रबी फसल हेतु चिन्हांकित क्षेत्रों में कृषि पंपों का घनत्व बहुत ज्यादा हो गया है। प्रत्येक पंप की मोटर इंडक्टिव (क्वाइल से बना) लोड है। जब एक साथ बहुतायत में पंप चलते हैं तो पूरे सिस्टम का लोड असंतुलित होकर बहुत ?यादा इंडक्टिव हो जाता है और विद्युत प्रणाली का पॉवर फैक्टर कम हो जाता है। ऐसी स्थिति में ट्रांसफार्मर प्रणाली पर एक तरह की छद्म लोडिंग बढ़ जाती है और वोल्टेज कम हो जाता है। सभी विद्युत पंपो में पर्याप्त क्षमता का कैपेसिटर लगाया जाना आवश्यक है। कैपेसिटर नहीं लगाए जाने से वोल्टेज ड्राप होता है तथा मोटर अधिक करंट लेती है, जिससे मोटर की पानी निकालने की क्षमता कम हो जाती है, एवं जलने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसके अलावा कुछ पंपो से एक डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर लोड बढ़ता है। कई वितरण ट्रांसफॉर्मर से 11 के.व्ही. लाइनों पर, फिर 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्रों पर तथा 33 के.व्ही. लाइनों, इस प्रकार पूरे ट्रांसमिशन सिस्टम पर लोड बढ़ता है, जिससे अत्याधिक लो वोल्टेज की समस्या आ जाती है।

| पंप की क्षमता | | केपिसिटर |
|---|---|---|
| 0 से 3 एचपी तक | - | 1 केवीएआर |
| 3 से 5 एचपी तक | - | 2 केवीएआर |
| 5 से 7.50 एचपी तक | - | 3 केवीएआर |
| 7.50 से 10 एचपी तक | - | 4 केवीएआर |
| 10 एचपी से 15 एचपी तक | - | 5 केवीएआर |

इसके लिये जरूरी है कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक किसान अपने पंप पर कैपेसिटर लगाये। इस समस्या के समाधान के लिये छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रही है जैसे पावर ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि, अतिरिक्त पावर ट्रांसफामरों की स्थापना, सबस्टेशनों में कैपेसिटर बैंक की स्थापना। साथ ही किसानों से अपने कृषि पंप कनेक्शन में उचित क्षमता के कैपिसिटर लगाने अनुरोध किया गया है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि रबी फसल में प्रमुख रूप से धान लगाये जाने के कारण कृषि पंपों के माध्यम से खेतों में सिंचाई हेतु अधिक मात्रा में पानी के उपयोग होने से आकस्मिक रूप से विद्युत लाईनों एवं ट्रांसफार्मर पर अधिक भार आ गया है, जलस्तर नीचे जाने से पंप ज्यादा लोड खींच रहे हैं। फलस्वरूप कुछ क्षेत्रों में लो-वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो गई है। अतः समस्त कृषकों से आग्रह है कि अपने स्थापित पंप के स्टार्टर के समीप कैपेसीटर स्थापित करें, ताकि कुछ सीमा तक लो-वोल्टेज की समस्या का निदान हो सके एवं पंप जलने की समस्या से बचा जा सके। यह प्रमाणित तकनीकी उपाय है और इससे समस्या तत्काल काफी हद तक हल हो जाएगी।

# उदयाचल में आज हृदय रोग जांच शिविर

राजनांदगांव (दावा)। उदयाचल नेत्र चिकित्सालय एवं हेल्थ इंस्टिट्यूट में कल 5 मार्च मंगलवार को हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के प्रभारी अशोक मोदी ने बताया कि एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के द्वारा कल 5 मार्च मंगलवार कोसुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 तक यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर स्नेहिल गोस्वामी द्वारा हृदय रोग संबंधित जांच की जाएगी। उदयाचल अस्पताल के प्रभारी पद्मश्री डॉक्टर पुखराज बाफना ने बताया कि हृदय रोग के सामान्य लक्षण सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, जल्दी थक जाना, अनियमित हृदय गति, जी मचलना, सीने में जलन, पीठ और पेट में दर्द, बाए कंधे या बांह में बांए शरीर में दर्द फैलना आदि है। उदयाचल के अध्यक्ष राजेंद्र बाफना ने कहा कि न्यूनतम दर पर यह जांच की जाएगी। उपरोक्त लक्षण यदि किसी को हो तो वह इस शिविर में आकर जांच करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि हृदय रोग से संबंधित कोई लक्षण यदि मरीज में पाए जाते हैं तो उन्हें कम दर पर एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर में इलाज कराने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। उदयाचल परिवार ने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।



















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com